CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक -11 | राजनांदगांव, बुधवार 27 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# ट्रंप के एक तीर से तीन निशाने, चीन और कनाडा को जोरदार झटका; भारत को मिली खुशखबरी

नई दिल्ली। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवॉर को मैक्सिको, कनाडा और चीन के साथ ट्रेड वॉर का एलान कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रपति पद संभालते ही मैक्सिको व कनाडा से अमेरिका के बाजार में आने वाली सभी वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा और चीन से आने वाली सभी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगेगा।



○ ट्रंप का मैक्सिको, कनाडा और चीन से ट्रेड वॉर का एलान
○ वैश्विक मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में उभर सकता है भारत

### भारत के लिए खुशखबरी

ट्रंप जनवरी के तीसरे सप्ताह में सत्ता संभालने वाले हैं। ट्रंप के इस फैसले से भारतीय निर्यात को बड़ा फायदा हो सकता है क्योंकि अमेरिका के कुल आयात में इन तीन देशों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक है। चीन ने अमेरिका को पिछले वर्ष 448 अरब डॉलर का तो मैक्सिको ने 457 अरब डॉलर का निर्यात किया। जबकि भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 437 अरब डॉलर का रहा।

### भारत को मिलेगा बड़ा मौका

भारत ने गत वित्त वर्ष में अमेरिका को 82 अरब डॉलर का निर्यात किया था। आयात शुल्क लगने से अमेरिका के बाजार में चीन, मैक्सिको व कनाडा के उत्पाद महंगे हो जाएंगे जिससे उनकी मांग वहां कम हो सकती है। इससे भारत को इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स, लेदर, अपैरल, मशीनरी व खिलौना जैसे कई उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने का मौका मिलेगा क्योंकि भारतीय वस्तुएं अमेरिकी बाजार में चीनी उत्पाद के मुकाबले सस्ती होंगी।

### चीन की कंपनियां तेजी से स्थापित

रोजाना छह लाख जोड़ी फुटवियर उत्पादन की क्षमता वाली कंपनी वाकरू के संस्थापक व फुटवियर निर्यातक वी. नौशाद ने बताया कि ट्रंप के फैसले से निश्चित रूप से भारत के लिए मौका निकलेगा, लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि अमेरिका में पहले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### भारत से कार निर्यात

दूसरी तरफ मैक्सिको अमेरिका में सबसे अधिक कार व ऑटोमोबाइल पार्ट्स वगैरह का निर्यात करता है। जानकारों का कहना है कि हुंडई, होंडा, निसान जैसी कंपनियां भारत में अमेरिकी जरूरतों के हिसाब से कार का निर्माण करना शुरू कर सकती है क्योंकि भारत से कार निर्यात करना उनके लिए फायदेमंद होगा।

### चीन-कनाडा को झटका

कनाडा मुख्य रूप से अमेरिका को पेट्रोलियम, गैस व खाद्य वस्तुओं का निर्यात अमेरिका को करता है। ऐसे में भारतीय कृषि पदार्थों के लिए भी अमेरिका के बाजार में नई संभावना दिख रही है। हालांकि चीन पिछले कई सालों से इस दिशा में काम कर रहा है कि शुल्क बढ़ने के बावजूद अमेरिका के बाजार में कैसे माल की सप्लाई जारी रहे।

# छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में चल रही पुलिस भर्ती पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने नियमों को दी गयी चुनौती पर सुनवाई करते हुए ये निर्णय दिया है। दरअसल छत्तीसगढ़ में आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। जिसके बाद एक याचिका हाईकोर्ट में दायर हुई थी। याचिका में नियमों को चुनौती दी गयी थी। आज हुई सुनवाई में कोर्ट ने माना कि नियमों में काफी खामियां है।

राजनांदगांव के एक अभ्यर्थी के पिता बेदराम टंडन ने याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने भर्ती प्रक्रिया के खिलाफ याचिका दायर की थी। पुलिस भर्ती नियम में पुलिस विभाग से रिटायर्ड कर्मचारियों के संतानों के लिए भर्ती प्रक्रिया में छूट दी गयी थी। छूट के तहत फिजिकल टेस्ट में ऊंचाई और सीने के माप समेत 9 बिंदुओं में छूट दी गयी थी।

नियम की इसी शिथिलता के खिलाफ याचिका लगाई गई थी। हाईकोर्ट ने माना कि कर्मचारियों का छूट देना आम जनता के साथ भेदभाव है। पूरे प्रदेश में आरक्षक संवर्ग 2023-24 के पदों में भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगायी है। मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच में हुई। दरअसल, राजनांदगांव जिले में इस केटेगरी के तहत 143 पद जारी किये गए थे। लेकिन विज्ञापन जारी होने और फॉर्म भरने के बाद डीजी पुलिस ने सचिव को इस नियुक्ति प्रक्रिया में पुलिस विभाग में कार्यरत और एक्स-सर्विसमेन कर्मचारियों के बच्चों को छूट देने से संबंधित पत्र लिखा था।

**नियमों में छूट पर हाईकोर्ट ने जतायी आपत्ति**

राज्य शासन ने कहा कि, 2007 में नियम बनाया गया है कि पुलिस कर्मियों के परिवार के लोगों को भर्ती में छूट का प्रावधान है। इस पर हाईकोर्ट ने आपत्ति करते हुए कहा कि, नियम के तहत डीजीपी को अधिकार दिया गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वो मनमाना छूट देंगे, यह वैधानिक है।




# क्या पार्टी तय करेगी किस याचिका पर सुनवाई करनी चाहिए? संजय राउत के आरोपों पर बोले पूर्व सीजेआई



मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाडी (एमवीए) की करारी हार के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को जिम्मेदार ठहराया था।

राउत ने दावा किया था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा शिवसेना मामले पर फैसला नहीं सुनाने की वजह से महायुति के पक्ष में नतीजे आये। इस पर अब पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने प्रतिक्रिया दी है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, क्या कोई राजनीतिक दल या व्यक्ति यह तय करेगा कि सुप्रीम कोर्ट को किन याचिकाओं पर सुनवाई करनी चाहिए? सॉरी, यह अधिकार सीजेआई का है।

### हार के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने पर बिफरे पूर्व सीजेआई

एक इंटरव्यू में धनंजय चंद्रचूड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान सुनी गई महत्वपूर्ण याचिकाओं का जिक्र करते हुए कहा, पिछले 20 सालों से सुप्रीम कोर्ट में कई अहम मामले लंबित हैं। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 38 मामलों का फैसला किया था और वे सभी महत्वपूर्ण थे।

### राउत ने पूर्व सीजेआई पर की विवादित टिप्पणी

संजय राउत के आरोपों पर बोलते हुए उन्होंने कहा, मुख्य समस्या यह है कि अगर आप किसी राजनीतिक दल के एजेंडे का ध्यान रखते हैं तो आपको निरपेक्ष माना जाता है। मेरे कार्यकाल में ही इलेक्टोरल बॉन्ड पर रोक लगाने का फैसला लिया गया। हमने अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का निर्णय सुनाया। दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर विचार किया, अनुच्छेद 6ए की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई की, क्या ये सभी मुद्दे कम महत्वपूर्ण थे? बता दें कि मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए रविवार को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महाराष्ट्र के सीएम पर सस्पेंस बरकरार : शिंदे ने सौंपा इस्तीफा; भाजपा फडणवीस पर अड़ी, शिवसेना ने नीतीश कुमार का हवाला दिया

नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति की भारी जीत के बावजूद महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर सस्पेंस तीसरे दिन भी जारी है। 14वीं राज्य विधानसभा का कार्यकाल आज, मंगलवार को समाप्त हो रहा है। मौजूदा सीएम एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। लेकिन भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन ने अभी तक इस बात पर अंतिम फैसला नहीं किया है कि सीएम पद किसे मिलेगा।

एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अपना इस्तीफा राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सौंपा। इस दौरान डिप्टी सीएम अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस भी शिंदे के साथ मौजूद थे। नए मुख्यमंत्री के चयन तक शिंदे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते रहेंगे।

### अजित पवार भाजपा के समर्थन में



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भाजपा नेता चाहते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री बनें, जबकि शिवसेना विधायक शिंदे को सीएम बने रहने के लिए कह रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि अजित पवार की अगुवाई वाली ह्रष्टक ने फडणवीस का समर्थन करने का फैसला किया है। भाजपा के पास 132 विधायक हैं, शिवसेना के पास 57 और एनसीपी के पास 41 विधायक हैं। इसका मतलब है कि 288 सदस्यीय विधानसभा में 145 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए भाजपा को अपने दो सहयोगियों में से केवल एक की जरूरत है। ऐसे में शिंदे के पास सीएम पद के लिए सौदेबाजी के बहुत कम मौके बचे हैं।

### शिंदे ने समर्थकों से की शांति बनाए रखने की अपील

भाजपा नेतृत्व इस बात पर विचार-विमर्श कर रहा है कि किसे सीएम पद मिलेगा। इस बीच शिवसेना नेताओं के एक समूह ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक बंगले वर्षा के बाहर इकट्ठा होने की योजना बनाई। यह सभी एकनाथ शिंदे के लिए शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश में थे। लेकिन शिवसेना प्रमुख ने दखल दिया और उन्हें ऐसा नहीं करने की अपील की। शिंदे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा,मेरे प्रति प्यार के कारण कुछ लोगों ने सभी से एक साथ इकट्ठा होने और मुंबई आने की अपील की है। मैं आपके प्यार के लिए बहुत आभारी हूं। लेकिन मेरी यह अपील है कि कोई भी ऐसे मेरे समर्थन में एक साथ न आए।

### शिवसेना नेताओं ने दिया बिहार हरियाणा का उदाहरण

शिवसेना के नेताओं ने 'बिहार मॉडल' का हवाला दिया है। शिवसेना प्रवक्ता नरेश म्हास्के ने 'बिहार मॉडल' का हवाला देते हुए कहा कि भले ही विधानसभा में भाजपा के पास ज्यादा सीटें हों लेकिन एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए। म्हास्के ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, हमें लगता है कि शिंदे को मुख्यमंत्री बनना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे बिहार में भाजपा ने संख्या पर ध्यान नहीं दिया।

जेडी(यू) नेता नीतीश कुमार को सीएम बनाया। महायुति (महाराष्ट्र में) के वरिष्ठ नेताओं को आखिरी में ऐसा ही फैसला लेना चाहिए। म्हास्के ने हरियाणा का उदाहरण भी दिया, जहां भाजपा ने मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ही चुना। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# संविधान दिवस पदयात्रा: सीएम साय बोले- संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आईना



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय मंगलवार की सुबह संविधान दिवस पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए।

संविधान दिवस पदयात्रा पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई। सीएम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस पदयात्रा में डिप्टी सीएम अरूण साव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक इंद्र कुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा और युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वजीत तोमर शामिल हुए।

### संविधान सदियों के संघर्ष का प्रतिफल

सीएम विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आइना है। यह संविधान हमारे सदियों के संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का प्रतिफल है। उन्होंने आगे कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज के दिन 26 नवंबर से संविधान दिवस के आयोजन की शुरूआत हुई है। आज भारत के संविधान को आत्मसात किए 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को पाकिस्तान से मिली धमकी, तकरीर के आदेश पर दी जान से मारने की चेतावनी



रायपुर। 'मस्जिदों को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने देंगे'... इस बयान के बाद छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज को सिर काटने की धमकियां मिल रही हैं। उन्हें पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान और कश्मीर के नंबरों से फोन आ रहे हैं। ईमेल से भी सिर काट देने की बातें भी कही गई हैं। उन्होंने आजाद चौक थाने में लिखित शिकायत की है। पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है।

डॉ. सलीम राज ने बीते दिनों प्रदेश की मस्जिदों में धार्मिक तकरीरों को छोड़कर अन्य विषयों पर बोलने के लिए अनुमति लेने का आदेश जारी किया था। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने मस्जिदों के मुतवल्लियों को मस्जिद में धार्मिक तकरीर यानी प्रवचन के अलावा किसी भी प्रकार के राजनीतिक, सामाजिक समरसता और आपसी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बांग्लादेश में हिंदू संत की गिरफ्तारी: भारत ने जताई नाराजगी



नई दिल्ली। भारत सरकार ने मंगलवार को (26 नवंबर) को बांग्लादेश में हिंदू संत को गिरफ्तार करने और जमानत नहीं देने पर चिंता जताई। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में, कहा कि यह घटना बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच हुई है। बांग्लादेश में हाल के दिनों में हिंदुओं के खिलाफ आगजनी, लूटपाट, चोरी, बर्बरता और धार्मिक स्थलों को अपवित्र करने की कई घटनाएं घट चुकी हैं।

**कहा- हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए**

### हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए भारत ने कहा, हम बांग्लादेश के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं, जिसमें शांतिपूर्ण सभा करने और अभिव्यक्ति की आजादी का उनका अधिकार भी शामिल है। बता दें कि चिन्मय कृष्ण दास को भगवा ध्वज फहराने के आरोप में अरेस्ट किया गया है। चिन्मय दास ने हाल के दिनों में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हमलों को लेकर बड़ी रैलियां की हैं।

### हिंदुओं पर हो रहे हमलों के अपराधी अभी भी फरार

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के अपराधी अभी भी फरार हैं, जबकि दास पर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखने के लिए आरोप लगाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा, हमने श्री चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है।÷ बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, चिन्मय कृष्ण प्रभु को अक्टूबर में एक रैली को संबोधित करते समय बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं हिंदू संत

बता दें कि बांग्लादेश पुलिस ने सोमवार को बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया था। बांग्लादेशी हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# संविधान दिवस पर पीएम मोदी का संबोधन, कहा- पहली बार जम्मू कश्मीर में मनाया गया संविधान दिवस



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में शामिल हुए। पीएम मोदी ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत के संविधान का ये 75वां साल पूरे देश के लिए एक असीम गौरव का दिवस है। मैं आज भारत के संविधान को, संविधान सभा के सभी सदस्यों को आदरपूर्वक नमन करता हूं।

### 'आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा'

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व का जब हम स्मरण कर रहे हैं, तब ये भी नहीं भूल सकते कि आज के ही दिन मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले में जिन व्यक्तियों का निधन हुआ, उन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मैं देश का यह संकल्प भी दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### 'पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया'

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे संविधान निर्माता ये जानते थे कि भारत की आकांक्षाएं, भारत के सपने समय के साथ नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। वो जानते थे कि आजाद भारत की और भारत के नागरिकों की जरूरतें बदलेंगी, चुनौतियां बदलेंगी। इसलिए उन्होंने हमारे संविधान को महज कानून की एक किताब बनाकर नहीं छोड़ा, बल्कि इसको एक जीवंत, निरंतर प्रवाहमान धारा बनाया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान देश की हर अपेक्षा और जरूरत पर खरा उतरा है। संविधान की ताकत के कारण ही आज बाबा साहेब का संविधान जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह लागू हो पाया है। पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया। आज भारत परिवर्तन के एक बड़े दौर से गुजर रहा है और भारत का संविधान हमें रास्ता दिखा रहा है। यह हमारे लिए एक मार्गदर्शक बन गया है।

### 'नई न्याय संहिता लागू की गई'

कहा कि भारतीयों को त्वरित न्याय मिले, इसके लिए नई न्याय संहिता लागू की गई है। दंड आधारित व्यवस्था अब न्याय आधारित व्यवस्था में बदल चुकी है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, 53 करोड़ से ज्यादा ऐसे भारतीयों का बैंक खाता खुला है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# जनदर्शन में नागरिकों ने समस्याओं के समाधान के लिए दिया आवेदन

## सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा।



जनदर्शन में आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी निवासी शिव कुमार धनकर अपने घर के पास लगे विद्युत पोल को स्थानांतरित करने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोमनी निवासी पन्ना लाल पटेल ने अपनी घर से आस-पास शासकीय जमीन का सीमांकन कर अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन किया। ग्राम डगनिया निवासी श्रीमती प्रमिला साहू ने आबादी जगह दिलाने के लिए आवेदन किया। छुरिया विकासखंड के ग्राम खोराटोला निवासी चन्दूराम ने वन अधिकार पट्टा प्रदाय के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम तुर्रेगढ़ निवासी सहदेव और रिकेश्वर एवं ग्राम जनकपुर निवासी रोमनलाल ने वन अधिकार पट्टा दिलाने के लिए आवेदन किया।

जनदर्शन में राशन कार्ड बनाने, अधिग्रहण भूमि का मुआवजा राशि दिलाने, मकान क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, राजस्व अभिलेख को दुरूस्त करने, शौचालय निर्माण की अनुदान राशि दिलाने जैसी मूलभूत आवश्यकताओं एवं गांव के विकास के लिए तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर निगम में भारत के संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का हुआ पठन



राजनांदगांव (दावा)। भारत के संविधान को आत्मसात करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व को चिन्हित करने के लिये संविधान दिवस 26 नवम्बर से प्रारंभ होने वाले तथा वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव को हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के टैगलाइन के तहत संचालित करने के निर्देश शासन द्वारा प्राप्त हुये थे। निर्देश के अनुक्रम में आज 26 नवम्बर दिन मंगलवार को शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया जाना है।

शासन निर्देशानुसार 26 नवम्बर मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे नगर निगम सभागृह में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.राटेके व संजय वर्मा की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया गया कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते है।

उपायुक्त मोबिन अली ने भारत के संविधान पर प्रकाश डाला और प्रस्तावना को आत्मसात करने कार्यपालन अभियंता रामटेके ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया।

## पहला कॉलम...

### जिपं. सदस्य श्यामकर ने खैरझिटी स्कूल में संविधान दिवस पर दिलाई शपथ

खैरझिटी हाईस्कूल में मना संविधान दिवस



उपरवाह (दावा)। आज 29 नवंबर को शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल खैरझिटी में संविधान दिवस शाला प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर थे। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ इंदुमती मिश्रा ने की। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा भीमराव अम्बेडकर पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने छात्र छात्राओं को संविधान दिवस पर शपथ भी दिलाई श्री श्यामकर ने अपने उदबोधन में बाबा भीमराव अम्बेडकर व संविधान दिवस के बारे में बताते हुए कहा की बाबा भीमराव अम्बेडकर चाहते थे की मेरे देश के बच्चे पढ़े और आगे बढ़े क्योंकि शिक्षा वो शेरनी के दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा। हम अपना भविष्य शिक्षा से हीं बना सकते है।


बाबा अम्बेडकर ने शिक्षा पर काफी जोर दिया श्री श्यामकर ने आगे कहा की आज संविधान दिवस पर हम सब शपथ ले की बाबा अम्बेडकर की बातो को रख शिक्षा पर ध्यान दे, बाबा साहेब ने सिर्फ दलितों का उत्थान नहीं किया बल्कि पुरे देश के मसीहा थे। किसी भी समाज की नारी हो अगर सम्मान दिलाने का काम किया है तो वो है बाबा भीमराव अम्बेडकर। प्राचार्या डॉ. मिश्रा ने व सरपंच ने भी अपने उदबोधन में संविधान के बारे में बताया। इस अवसर पर सरपंच सावित्री देवांगन, भाजपा मिडिया प्रभारी तिलेश्वर सिन्हा, हेमंत मेश्राम, जगतराम देवांगन, प्रभारी प्राचार्य याशमीन अंजुम, व्याख्याता चुम्मन वर्मा, पुष्पा मेश्राम, डिप्टी रामटेके, सुनील वासनिक, विनीत रंजन, अनिल सोनी, संतोष खिलाड़ी, भाविका रामटेके, पुराण सिन्हा, झामीन बघेल, राधेलाल साहू, सिरमत साहू, रमेश सिन्हा, रोहित देवदास, कमला देवदास सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### प्राइड एकेडमी द्वारा नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए निःशुल्क मॉडल परीक्षा का आयोजन 30 को

पंजीकृत अभ्यर्थियों को आने-जाने के लिए निःशुल्क बस सुविधा का भी मिलेगा लाभ

राजनांदगांव (दावा)। शहर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था प्राइड एकेडमी द्वारा आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को देखते हुए दो दिवसीय निःशुल्क मॉडल परीक्षा आयोजित की जा रही है, ताकि अभ्यर्थियों की बेहतर तैयारी हो सके और ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन उक्त प्रवेश परीक्षा में हो सके, जिसके लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा तिथि के पूर्व जल्द से जल्द पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीयन करने के लिए 6264556190 से दूरभाष क्रमांक पर संपर्क किया जा सकता है। पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों के आने-जाने के लिए निःशुल्क बस की सुविधा भी संस्था द्वारा प्रदान की जा रही है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता.29 से सिंघम अगेन | रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
तीजा के लुगरा-2
कलाकार -करण खॉन-प्रकाश अवस्थी, सीमा सिंग, शिव कुमार आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था-योगेन्द्र प्रताप सिंह



संविधान दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। देश का संविधान बने 75 वर्ष हो चुके हैं। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ.भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती से संविधान दिवस की शुरुआत हुई। जनकल्याण सामाजिक संस्थान के द्वारा जिले के ग्राम गठुला में महिलाओं के साथ मिलकर संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह ने संविधान दिवस के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि संविधान दिवस भारत में हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है।

यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने की याद में मनाया जाता है जो 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। संविधान दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। जब भारत सरकार ने इस दिन को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिन डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125 जयंती के अवसर पर चुना गया था जिन्हें भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में जाना जाता है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवंबर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान को अमल में लाया गया। 26 नवंबर का दिन संविधान के महत्व का प्रचार करने और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं का प्रसार करने के लिए चुना गया था।

संस्था के जिला स्रोत समन्वय जितेंद्र कुमार जंघेल के द्वारा बताया कि संस्था के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में संस्था के द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें ग्राम दपका, बरगा, इराईकला, नर्मदा इत्यादि ग्राम शामिल हैं कार्यक्रम में लिंक वर्कर ललीता भीमकर आगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजना मेश्राम, किरण साहू, मीरा साहू, मितानिन सोनिया साहू, धनेश्वरी साहू, माया, सावित्री एएनएम, किरण चौबे आरएचओ, सेवक जंघेल उपस्थित थे।

# साहू सदन में रक्तवीरों ने किया रक्त दान - भागवत साहू



रक्तदान करने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण - नीलमणी साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के युवक-युवती परिचय विगत दिनों हर्षोल्लास से साहू सदन में सम्पन्न हुआ। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन में रक्तदान-महादान के संकल्प को आत्मसात करते हुए विशेष रूप से साहू युवा प्रकोष्ठ के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक असाधारण योगदान है जो न केवल किसी की जिंदगी बचाने में मददगार साबित होता है।

रक्तदान अमूल्य योगदान है जिसे हर स्वास्थ्य इंसान को को करना चाहिए ताकि जरुरतमंदों आपके इस अथाह सागर के अमूल्य योगदान को संबंधित व्यक्ति जीवन भर स्मरण करते हुए ईश्वर से आपके कुशलता की मंगल कामनाएं करता है, इस शुभ भावनाओं के साथ रक्तदान करते रहना चाहिए। गौरतलब हो कि साहू सदन में दिनांक 24 नवंबर दिन रविवार को सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगना साहू के द्वारा सामाजिक जनों को विशेष रूप से प्रेरित किया गया था। जिससे रक्तवीरों में सर्व श्रीमती भुनेश्वरी साहू (नगर संयोजिका), भगवती साहू, शोभा साहू, यशवंत साहू अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक, माधव साहू सचिव अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, मिलन साहू, किरण साहू, मोतिम साहू, गिरजा साहू, केशरी साहू, शोभा साहू, चित्रांगना साहू, दीपक साहू, तुलदास साहू, डूमेश्वर साहू, महेश्वर साहू, चंदन साहू आदि रक्तवीरों ने 26 यूनिट रक्तदान किया।

जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू महामंत्री नीलमणी साहू नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू कोषाध्यक्ष नोबल साहू युवा प्रकोष्ठ संयोजक डिकेस साहू, मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक ईश्वर साहू, पत्रकार दीपक साहू, उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रकोष्ठ प्रवक्ता अंकालू साहू ने रक्त के रुप में महादान करने वाले रक्तवीरों की सरहाना करते हुए बधाई दी है।

## श्रीमती शिवबती बाई का निधन



टेड़ेसरा (दावा)। ग्राम मोहदीपाट निवासी श्रीमती शिवबती बाई धर्मपत्नी विश्राम साहू उम्र लगभग 75 वर्ष का 26 नवंबर को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। अंतिम संस्कार में उनके सगे संबंधी व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे दीपक कुमार साहू की माता थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## लखोली में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा 29 नवंबर से



राजनांदगांव (दावा)। श्रीराम प्रज्ञा मंडल गायत्री परिवार एवं वार्डवासी लखोली के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय विराट नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा 29 नवंबर से 02 दिसंबर तक लखोली में होने जा रहा है। प्रथम दिवस मंगल शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। प्रतिदिन गायत्री यज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा होगी।

यज्ञ समिति के अध्यक्ष दुलारी बाई साहू वार्ड पार्षद लखोली ने बताया कि प्रतिदिन पुंसवन, विवाह, यज्ञोपवीत, गर्भ, अन्नप्राशन, विद्यारंभ आदि संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे। अंतिम दिवस 02 दिसंबर को पूर्णाहुति, वरिष्ठजनों का सम्मान व विदाई होगी। समिति के सोनू राम साहू, बृजलाल साहू, गोविंद साहू, शत्रुघ्न साहू आदि ने परिजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.मा.क्र. 202411093800033
ब/121 वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मधु अग्रवाल पति संजय अग्रवाल निवासी केसरनगर, राजनांदगांव द्वारा खसरा नंबर 907/8 में से 50.00 वर्गमीटर शासकीय भूमि जो खसरे के कैफियत कॉलम में कुंआ सिंचाई कुआं प्रविष्ट है उक्त भूमि का पट्टा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूमि का पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 12/12/2024

नजूल अधिकारी, राजनांदगांव

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चमेली साहू पति श्री देवेश साहू आयु 38 वर्ष जाति तेली, ग्राम धर्मापुर, पो. डिलापहरी, तहसील व जिला राजनांदगांव (छग) की स्थायी निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम पीयूष साहू उर्फ पृथ्वीराज (PIYUSH SAHU URF PRITHVIRAJ) है, जिसे परिवर्तित कर नया नाम पीयुष साहू (PIYUSH SAHU) कर ली हूं। अतः अब से मेरे पुत्र को पीयूष साहू के नाम से जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करना चाहती हूँ।

अतः प्रकाशन उपरांत मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम पीयूष साहू के नाम से जाना व पहचाना जाये।

चमेली साहू
पति श्री देवेश साहू
ग्राम धर्मापुर, पो. डिलापहरी, तहसील व जिला राजनांदगांव (छग)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा. मा. क्रमांक 202411093800031
अ/20(1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार धनवानी आ. स्व. घनश्याम दास निवासी चौखड़ियापारा राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला चौखड़ियापारा स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1414/1 क्षेत्रफल 25x40=1000 वर्गफुट भूमि जो नीलामी के मार्फत पिता पक्ष में स्थायी पट्टा प्राप्त हुआ है उक्त भूमि का शीट आबंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूमि का शीट आबंटन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांकः- 12/12/2024

नजूल अधिकारी, राजनांदगांव

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-7-9
346-3 400-4
राजधानी
1-5-8
130-4 357-5

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क. 202411000100002 -अ/19 (3) वर्ष 2024-25

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक विभाग कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा पत्र क्रमांक 13.11/कार्य/5357 राजनांदगांव दिनांक 17.10.2024 के माध्यम से 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र निर्माण हेतु ग्राम डुंडेरा, तहसील लाल बहादुर नगर स्थित शासकीय भूमि खराा नंबर 24/1 कुल रकबा 3.043हे. से लगभग 1.00 एकड़ भूमि आबंटित करने संबंधी प्रस्तुत आवेदन पत्र पर कलेक्टर महोदय, जिला राजनांदगांव द्वारा नियमानुसार जांच कर यथाशीघ्र प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने हेतु मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 09.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार ला.ब.नगर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**
**- :: शुद्धि पत्रक ::-**

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक 08/व.ले.लि./2024-25, दिनांक 08.11.2024 सिस्टम नंबर 160829 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

(1) रायल्टी क्लीयरेंस के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक 4504/एफ-7-7/ एस-2/31/2001, दिनांक 22.11.2024 के निर्देशानुसार अंतिम देयक का निराकरण किया जायेगा।

(2) दिनांक 02.12.2024 17.30 बजे तक ऑनलाईन आमंत्रित निविदा की अंतिम तिथि के स्थान पर दिनांक 09.12.2024 17.30 बजे तक किया जाता है।

अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

जी-242503692
जी- 242504067/1

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन, संभाग, छुईखदान
कृते अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)

## व्यक्तित्व विकास शिविर में शामिल होने जिले के 16 स्काउट-गाइड रोवर रेंजर रवाना

राजनांदगांव (दावा)। हरियाणा राज्य के पलवल गदपुरी में 25 से 29 नवम्बर 2024 तक आयोजित राज्य स्तरीय पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन व्यक्तित्व विकास शिविर में राजनांदगांव जिले के 16 स्काउट-गाइड रोवर रेंजर एवं 2 प्रभारी को शामिल होने के लिए रवाना किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य स्काउट-गाइड बालकों के मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक, भावनात्मक विकास कर जिम्मेदारी नागरिक बनाना है। शिविर में प्रतिभागी को साहसिक गतिविधियां, प्रशिक्षण, हाइकिंग, प्राकृतिक अध्ययन, संस्कृति आदान प्रदान कार्यक्रमों के शामिल होंगे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्रं. 7466/15/नि.वि./लोनिवि/2024-2025 दिनांक 25/11/2024

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये ''ई'' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारो से निविदा प्रपत्र AE में प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है:-
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 17/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 30/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 31/12/2024 अपरान्ह 11.30 बजे

| क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 02 | 03 | 04 |
| | सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग का निर्माण (विकासखंड-राजनांदगांव) | | |
| 1 | ग्राम मगरलोटा से आंगनबाड़ी तक 130 मीटर | 8.71 | 6600.00 |
| 2 | ग्राम बुचीभरदा अरला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक 115 मीटर | 7.10 | 5500.00 |
| 3 | ग्राम सिंघोला में पशु चिकित्सालय भवन तक 200 मीटर | 11.69 | 8800.00 |
| 4 | ग्राम आलीखुटा (रानीतराई) में श्मशान घाट तक 200 मीटर | 11.69 | 8800.00 |
| 5 | ग्राम खेली में श्मशान घाट तक 100 मीटर | 7.05 | 5300.00 |
| 6 | ग्राम भोथीपार में श्मशान घाट तक 100 मीटर | 7.05 | 5300.00 |
| 7 | ग्राम कुसमी पारीखुर्द में औद्योगिक क्षेत्र तक 100 मीटर | 7.05 | 5300.00 |
| 8 | ग्राम पंचायत पारीखुर्द में आवास पारा से गौठान तक लंबाई 300 मीटर | 18.99 | 14300.00 |
| 9 | मुख्य मार्ग से आवास पारा से शासकीय माध्यमिक शाला पारीखुर्द पहुंच मार्ग लंबाई 250 मीटर | 15.95 | 12000.00 |
| 10 | ग्राम पंचायत पारीखुर्द में आवासपारा से शासकीय प्राथमिक शाला कुसमी लंबाई 300 मीटर | 18.99 | 14300.00 |

निविदा समय-सारणी एवं आवश्यक निर्देशः- आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुतत करना अनिवार्य है। (1) ई-पंजीयन की छायाप्रति (2) निवास प्रमाण-पत्र (3) जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र चुक्ता प्रमाण (4) पेन कार्ड (5) अन्य जानकारी कार्यालीयन अवधि में देखा जा सकता है।

जी- 242504084/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

# जिला अस्पताल में ठेका कर्मियों के शोषण के संबंध में मोर्चा खोले कर्मियों को काम से निकालने की धमकी



**सुपरवाइजर द्वारा ठेका कर्मियों को कागज में करवाया गया दस्तखत**

राजनांदगांव (दावा)। शा. जिला अस्पताल बसंतपुर में मेटास कंपनी के सुपरवाइजर द्वारा वहां के ठेका कर्मियों के साथ किए जा रहे शोषण का मामला काफी गरमाया हुआ है। बता दें कि जिला अस्पताल में काम करने वाले बड़ी संख्या में कर्मचारी महिलाएं व सुरक्षा कर्मचारी मेटास कंपनी के सुपरवाइजर के व्यवहार व मनमानी सहित पक्षपात रवैये से तंग आकर उसके खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। इससे डरे हुए सुपरवाइजर द्वारा कलेक्टर से लेकर श्रम विभाग में उनकी शिकायत करने वाले महिला कर्मचारियों व सुरक्षा कर्मचारियों को एक कागज में दस्तखत करा कर उन्हें काम से निकालने की धमकी दिए जाने की बात सामने आ रही है। इससे कर्मचारियों में सुपरवाइजर के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

सूत्रों की माने तो मंगलवार को मेडिकल कॉलेज हास्पीटल के मेंटास कंपनी के सुपरवाइजर जिला चिकित्सालय पहुंचकर, डॉक्टरों से मिलकर मामले को आगे और न बढ़ाने के लिए कवायद करते देखे गए। बता दें कि जिला चिकित्सालय में काम करने वाले ठेका कर्मचारी मेटास कंपनी के उक्त सुपरवाइजर की मनमानी व अनुचित व्यवहार तथा शोषण से इतने चिढ़े हुए हैं कि वे उसे अस्पताल में एक पल भी देखना ही नहीं चाहते। कर्मचारियों के पास उक्त सुपरवाइजर के खिलाफ शिकायत की लंबी फेहरिस्त है।

### सुपरवाइजर का पक्षपात पूर्ण रवैया

जिला चिकित्सालय बसंतपुर में कार्यरत मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारी जागेश्वर प्रसाद, नितेश देवांगन, धनंजय दास, कविंद्र साहू वासुदेव यादव, जितेंद्र साहू, नीतेश साहू, रोशन लाल, शिवाजी रजक, आकाश के अलावा महिला सफाई कर्मचारी संध्या यादव, नुतम ठाकुर, सुधा मंडावी, शैलेन्द्री, मधुमति मिश्रा आदि ने संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बताया है कि जिला अस्पताल में कार्यरत मेटास कंपनी का सुपरवाइजर टूमन साहू द्वारा उनके साथ पक्षपात रवैया अपनाते हुए ड्यूटी लगाई जाती है। महिला सफाई कर्मचारियों को जानबूझकर रात्रिकालीन ड्यूटी में भेजा जाता है। अस्पताल में आए दिन घटनाओं का माहौल बना रहता है, इसके बाद भी सुपरवाइजर के आदेश को मानते हुए सूनसान अस्पताल में उनके द्वारा ड्यूटी की जाती है।

सफाई कर्मचारियों ने अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों के पैसों की गड़बड़ी में सुपरवाइजर का ही हाथ बताया है। उनका कहना है कि उक्त सुपरवाइजर सफाई कर्मचारियों को सफाई के अलावा दूसरे कार्य करने के लिए विवश करता है। उसके इस रवैए से उन्हें मानसिक तनाव झेलनी पड़ती है। सुपरवाइजर के रवैए से परेशान कर्मचारियों द्वारा सीएस से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से मौखिक शिकायत किए जाने के बाद भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती और न समस्याओं का समाधान निकाला जाता। इससे सभी सफाई कर्मचारी व सुरक्षा गार्ड आदि काफी परेशान हैं। अंत में तत्संबंध में शिकायत लेकर कलेक्टर के पास जाना पड़ा। वहां से अखबारों तक खबर के फैलने से सुपरवाजर टूमन साहू आपा खोकर कर्मचारियों को निकालने की धमकी दे रहा है। अखबारों में तत्संबंधित समाचार देने वालों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए कागज में कर्मचारियों का दस्तखत लिया हुआ है। इससे डरे हुए कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

# जिला न्यायालय में मनाया गया संविधान दिवस



राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के प्लॉन ऑफ एक्शन 2024-25 में दिए गए निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर (मंथन हॉल) राजनांदगांव में जिला न्यायालय के मुख्यालय में पदस्थ सभी न्यायाधीशगण एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी सहित अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण की गरिमामय उपस्थिति में मनाया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा उपस्थित न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण को संविधान की उद्देशिका का पठन कराया गया तथा उपस्थित सभी लोगों ने संविधान में दिए गए कर्तव्य का पालन करने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डी.आर. देवांगन के द्वारा न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं व्यवस्थापिका के संदर्भ में संविधान में विस्तृत व्याख्या की गई है, जिस पर अपना विचार प्रकट किए और भारत के संविधान को राष्ट्र की आत्मा कहा।

तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिद्धार्थ अग्रवाल के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 20 से 25 तक में दी गई नागरिकों के अधिकार के विषय में तथा संविधान में दिए गए नागरिकों के कर्तव्य पर विचार प्रकट किया और संविधान दिवस को आज उपलब्धि दिवस के रूप में मनाने के लिए उन्होंने यह उद्गार व्यक्त किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा न्यायपालिका के प्रतीक चिन्ह कानून की मूर्ति के आंखों से पट्टी हटा कर तलवार की जगह हाथ में संविधान को रखा गया, इस विषय पर विस्तृत रूप से अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायपालिका माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से गौरवान्वित है।

कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ओमप्रकाश साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री प्रेरणा वर्मा ने किया।

# मितानिन दिवस पर सेवा में समर्पित मितानिन दीदियों का किया गया सम्मान - कमल सोनी

**मितानिन दीदीयों का समाज व प्रदेश के लिए अमूल्य योगदान**



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड नंबर 43 बंगाली चाल सामुदायिक भवन में मितानिन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमल सोनी शक्ति केंद्र प्रभारी ने बताया कि प्रतिवर्ष 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया जाता है। जो उनके सेवा और सहयोग के लिए सामूहिक आभार प्रकट करने का अवसर होता है। सेवा में समर्पित सभी मितानिन दीदीयों को मितानिन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मितानिन दीदीया 24 घंटे सातों दिन स्वास्थ्य सेवाएं देती है। यह स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं। मितानिन दीदिया प्रत्येक घर परिवार के स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता पूर्वक सोचते हुए शासन के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफल बनाने में दिन-रात सहयोग करने वाली किसी भी समय अस्पताल जाने के लिए तत्पर मितानिन बहनो के हितों के बारे में सोचना हम सबका दायित्व है।

उनके सेवा समर्पण को नमन करते हुए आज के कार्यक्रम में मोमेंटो, कॉपी, पेन प्रोत्साहन हेतु वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से देवशरण सेन सांसद प्रतिनिधि, पार्षद श्रीमती खेमिन यादव, पूर्व पार्षद हेमंत शेखर यादव, राजेश यादव, विनोद श्रीरंगे, केवल साहू, श्रीमती देवकी वर्मा समन्वयक, श्रीमती किरण यादव, मिलतिन, गायत्री साहू, आशा मेश्राम, अनसुइया, मंजुला सावरकर, गीता मारिया, संगीता यादव, लक्ष्मी साहू, निर्मला साहू, फरीदा आदि बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# एनपीएस में नन्हें बच्चों का फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। जिले के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल में विगत 21 एवं 22 नवंबर को प्री-नर्सरी से केजी-2 तक के नौनिहालों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, नन्हों ने अपने आकर्षक एवं सुंदर रूप तथा मीठी बोली से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। प्रथम दिन प्री-नर्सरी तथा नर्सरी के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता के निर्णायकों की भूमिका में श्रीमती राजश्री ठाकुर तथा श्रीमती कनक साहनी ने अपने अप्रतिम सहयोग से प्रतियोगिता को सफ्ल बनाने में अपनी हिस्सेदारी प्रदान की। दूसरे दिवस के.जी. वन एवं के.जी. टू के छात्रों ने रंग बिरंगे परिधानों एवं प्रेरणादायक संदेशों के साथ अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया।

श्रीमती पिंकी माहेश्वरी एवं श्रीमती देविका मानेक ने द्वितीय दिवस निर्णायकों की अहम भूमिका का निर्वहन किया। पालकों ने अपने बच्चों को प्रतियोगिता हेतु तैयार करने तथा प्रदर्शन के समय अभिनय संप्रेषण की समझाईश के साथ अपना अमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पालक, दर्शकों के रूप में भी उपस्थित रहे। शाला प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इस हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया, साथ ही प्री-प्राईमरी विंग एकेडेमिक इंचार्ज श्रीमती नुसरत बानो के कुशल नेतृत्व में विंग के सभी शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी पूरी सहभागिता दी। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री प्रेरणा युनुस तथा श्रीमती पूजा दामले ने किया। उक्त जानकारी शाला प्रचार-प्रसार प्रभारी अनुराग सक्सेना ने दी।

# इतिहास विभाग का बस्तर भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत बस्तर का भ्रमण किया। डॉ.शैलेन्द्र सिंह प्रो.हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, डॉ.अजय शर्मा एवं प्रो. हेमलता साहू, प्रतीक जैन के नेतृत्व में 45 सदस्यीय भ्रमण दल ने बस्तर के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर जानकारियां प्राप्त की। भ्रमण के पहले दिन जगदलपुर के राजमहल, दलपत सागर झील तथा जगदलपुर के दंतेश्वरी मंदिर का भ्रमण किया गया, वहां से जगदलपुर से 35 कि.मी.दूर पर स्थित तीरथगढ़ जलप्रताप का मनमोहक नजारा देखा। तीरथगढ़ जलप्रताप चारो ओर से प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है। तीरथगढ़ से भ्रमण दल दंतेवाड़ा पहुंचा, वहा पर प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर से दर्शन किए तथा मंदिर से संबंधित ऐतिहासिक एवं धार्मिक जानकारियां प्राप्त की साथ ही मंदिर के पीछे बहने वाली शंखनी एवं डंकनी नदियों को भी देखा। भ्रमण के दुसरे दिन बारसुर में स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर, मामा-भांजा मंदिर तथा बत्तीसा मंदिर का भ्रमण किया तथा उनसे संबंधित जानकारियां प्राप्त की बारसुर से भ्रमण दल चित्रकूट जलप्रताप पहुंचा, चित्रकूट जलप्रताप छत्तीसगढ़ के सबसे खुबसूरत जलप्रतापों में से एक है इसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है। छात्र-छात्राओं ने चित्रकूट में नौका विहार का भी आनंद लिया।

# पटरी पार के खिलाड़ी बच्चों को सशक्त बनाने दी जा रही कमांडो ट्रेनिंग



राजनांदगांव (दावा)। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में इंडियन आर्मी के जवान सौरभ यादव द्वारा शहर के पटरी पार के खिलाड़ी बच्चों को कमांडो ट्रेनिंग दी जा रही है। इस विशेष प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे भारतीय सेना के जवान की तरह विषम परिस्थितियों का सामना मजबूती के साथ कर सकें। कमांडो ट्रेनिंग के विषय में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे ने बताया कि खिलाड़ियों को मैच के दौरान ऐसे अनेक अवसर का सामना करना पड़ता है जब वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत नहीं होने के कारण मैच हार जाते हैं। कमांडो ट्रेनिंग से खिलाड़ियों का बहुमुखी विकास होता है।

हाल ही में सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने भी हॉकी खेल के राष्ट्रीय संघ हॉकी इंडिया के मार्गदर्शन में कमांडो ट्रेनिंग का लाभ उठाया था, जिसके फलस्वरूप टीम ने बिहार के राजगीर में हाल ही में संपन्न हुए महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीता है। कमांडो ट्रेनिंग के अंतर्गत खिलाड़ियों को बॉडी वेट ट्रेनिंग के माध्यम से अपने शरीर के वजन का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के व्यायाम करना सिखाया गया। कार्डियो ट्रेनिंग एवं स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की बारीकियों से खिलाड़ी बच्चों को अवगत करवाया गया। ध्यान एवं एकाग्रता प्रशिक्षण के साथ-साथ संघर्ष प्रबंधन का प्रशिक्षण भी खिलाड़ियों को दिया गया। खिलाड़ियों को भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया को भी इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से समझने का अवसर मिला, ताकि खिलाड़ी इसे समझकर बेहतर तरीके से सेना भर्ती के लिए तैयार हो सकें। प्रशिक्षण के दौरान सौरभ यादव ने शारीरिक फिटनेस और शैक्षणिक योग्यता के महत्व पर प्रकाश डाला, जो सेना में भर्ती होने के लिए आवश्यक माने जाते हैं।

इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से परिचित कराया गया, जिससे उनके आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का विकास हो सके। कमांडो के द्वारा बच्चों को फिटनेस के कई अहम टिप्स दिए गए और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति मेहनत और समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी गई। सेना के जवान सौरभ यादव वर्तमान मे इंडिया पाकिस्तान बॉर्डर लाइन ऑफ कंट्रोल मे पदस्थ है तथा पूर्व मे पदस्थापना के दौरान जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश एवं सिक्किम जैसे जगहों मे अपनी सेवाएं दे चुके है। बेसबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी सौरभ इंडियन आर्मी की ओर से एडवेंचर गेम्स और पैरासैलिंग मे भी भाग ले चुके है। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक गोविन्द यादव, अब्दुल कादिर, पूर्व पार्षद सुनील साहू, समाज सेवी ललित नायडू, आशु लारिया, रवि कुंजाम, संदीप यादव, ब्रम्हानंद चौबे, शेखर सिन्हा, शिवा चौबे, राधे साहू, तेजन राजपूत, लाल सिंह साहू, राजा राजपूत, बृज नेताम, पप्पू रामटेके, किशोर श्रीमटे, अमर जीत यादव, विष्णु नंद चौबे, राजेश यादव, सौरभ यादव, वासु सावक, लक्ष्मण पाल, चंदा साहू, मनोज साहू, अंजू सिंह, प्रतिमा भारद्वाज, मोनिका राजपूत, वंदना वर्मा, रागिनी श्रीवास्तव, श्रीमती मंजूलता राजपूत, डेजी मसीह, कल्प रानी, जामुन साहू, पायल वर्मा, मीणा विश्वकर्मा, श्रीमती सरिता चौबे एवं खिलाड़ी बच्चों के अभिभावकों की उत्साहपूर्वक उपस्थिति रही।

# साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न

## हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के आयोजन के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा की और इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 26 नवम्बर संविधान दिवस से प्रारंभ होने वाले तथा वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तार जानकारी दी और अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बताया कि आज से वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के आयोजन अवसर पर संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जाने, संविधान का निर्माण और संविधान के गौरव का पर्व मनाये जाने के संबंध पर आधारित गतिविधियां आयोजित होंगी। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, पंचायतों में संविधान स्वाभिमान यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम सभाओं में संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिकों के तहत मौलिक कर्तव्यों का वाचन, स्थानीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में संविधान के प्रावधान, निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार, कर्तव्य, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत, नवीनतम संशोधन इत्यादि पर प्रश्नोत्तरी के आयोजन, वाद-प्रतिवाद, सेमिनार, सामाजिक सशक्तिकरण सहित अन्य विषयों पर चर्चा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को विशेष रूप से दिशा-निर्देश दिए।

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि 30 नवम्बर को राजनांदगांव विकाखंड के ग्राम बघेरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारी प्राप्त आवेदनों के निराकरण कर शासन की समस्त योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हितग्राहियों को देने का प्रयास करें। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन कराया जाना आवश्यक है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से अधिक से अधिक प्रकरणों का निपटारा किया जाए, इसके लिए पर्याप्त प्रकरणों राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष रखने कहा। बैठक में बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान जिले में 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। किसानों को समय पर टोकन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में उन्होंने श्रम, खाद्य, कौशल विकास, खनिज, उद्यानिकी, कृषि, विद्युत, राजस्व सहित अन्य विभागों के प्रकरणों एवं गतिविधियों पर बारी-बारी से समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नि:संतान दंपतियों के लिए सुनहरा अवसर, नि:संतानता रोग विशेषज्ञ की सेवाएं राजनांदगांव एवं खैरागढ़ में उपलब्ध

राजनांदगांव (दावा)। नि:संतानता लाइलाज नहीं, सही परामर्श एवं आईवीएफ से संतान सुख प्राप्ति संभव है, ऐसा कहना है मुंबई की प्रतिष्ठित नि:संतानता चिकित्सक डॉ. रैनी अग्रवाल कहा आजकल की असामान्य एवं भागदौड़ भरी जिंदगी में नि:संतानता, दंपतियों में एक प्रमुख समस्या बनकर उभर रही है।

एक परिवार तब ही पूरा होता है जब दंपत्ति की खुद की संतान हो, परंतु यह सुख सभी को प्राप्त नहीं हो पाता। दंपत्ति वर्षों तक प्रयास करते रहते हैं परंतु संतान सुख की प्राप्ति नहीं कर पाते, जिसकी वजह से परिवार में क्लेश तथा मानसिक तनाव से जूझते रहते हैं परंतु अब मेडिकल साइंस की नई टेक्नोलॉजी आईवीएफ से संतान प्राप्ति संभव है। ऐसे दंपतियों के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग के विशेषज्ञ मुंबई की प्रख्यात नि:संतानता एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ.रैनी अग्रवाल अपनी सेवाएं देंगी कम शुक्राणु, पुरुष नसबंदी, खराब शुक्राणु, नील शुक्राणु, धीमी गतिशीलता, बंद फैलोपियन, अंडो में खराबी, अनियमित पिरेड, बांझपन की समस्या, गर्भ से संबंधित समस्या के निदान हेतु प्रत्येक बुधवार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आरोग्यम क्लीनिक सतनाम भवन राजनांदगांव एवं फेमस मेडिकल खैरागढ़ में प्रत्येक शनिवार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक अपनी सेवाएं देंगी। जहां पर पति-पत्नी दोनों की जांच करके समस्या का संपूर्ण इलाज किया जाएगा।

# नगर निगम के सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की आयुक्त विश्वकर्मा ने ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सेवा नियम का पालन कर समर्पण व निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वाहन करने की सीख दिये।



**सेवा नियम का पालन कर समर्पण व निष्ठा से कार्य करने की दी सीख**

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक में कहा कि नौकरी के पहले दिन से ही हम एक नियम से बंध जाते है और उसी दिन से हम एक आम नागरिक से अलग हो जाते है। कार्यालय के कर्मचारियों का आचार व्यवहार व कार्य कैसा होना चाहिये, इस संबंध में चर्चा करने आज बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेंगे, हमें उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवहार संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठतापूर्वक ईमानदारी से निर्वहन करना है। अपने उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना नही करनी चाहिये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता से सीधा जुड़ा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रित पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते है, वैसे ही निगम की जानकारी लोगों को उपलब्ध कराते है, जो कि हमारे कार्य के विरूद्ध है। जिसे जानकारी चाहिये वो लिखित में देगा और उसे जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। आप अपने पद का गलत इस्तेमाल न करे। इसके अलावा शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर योजनाओं को जन-जन तक पहुॅचाना भी हमारा दायित्व है। नागरिकों एवं पार्षदों के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय सीमा में पूर्ण करना है।

आयुक्त ने कहा कि समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना है, बहुतसी जानकारियां समय में देने की रहती है, जिसे समझकर तत्काल उपलब्ध कराना है। किसी प्रकार की परेशानी या कार्य में कठिनाई पर अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। अनावश्यक अवकाश पर न रहे, कुछ कर्मचारी मेडिकल बनवाकर लंबी छुटटी मे चले जाते है, जिसकी मेडिकल बोर्ड से जॉच करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि मैने अधिकांश विभाग की फाईले देखी है, जो बहुत व्यवस्थित और अच्छे तरीके से संधारित रहती है, यह बहुत अच्छी बात है, इसी प्रकार कार्य करना है। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि नगर निगम का बहुत महत्वपूर्ण विभाग राजस्व विभाग होता है। राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी इमानदारी से राजस्व वसूली करें। वर्तमान में क्यू.आर. कोड से मोबाईल के माध्यम से वसूली करने की तैयारी चल रही है। आप सभी क्यू.आर. कोड रख वसूली करें, जिससे आप लोगों को सुविधा होगी एवं अच्छी वसूली भी आयेगी।

उपायुक्त मोबिन अली ने इस अवसर पर कहा कि आयुक्त की सोच निगम की कार्य प्रणाली में सुधारकर ईमानदारी व लगन से सभी कार्य करें, इसीलिये आज बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि राजस्व वसूली शासन लक्ष्य के अनुसार करना है, नये सिरे से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण कर चालू एवं बकाया मांग आनलाईन किया जा रहा है, क्यू.आर. कोड के माध्यम से वसूली करनी है। उन्होंने कहा कि अब तक वसूली बहुत कम है, वसूली में तेजी लाकर 4 माह में लक्ष्य पूरा करना है। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने कहा कि अपने दायित्वों का कैसे निर्वाहन करना है, आयुक्त महोदय ने बताया उसी आधार पर निष्ठापूर्वक कार्य करें, जनता से जुडी समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करना है, तथा शासन के निर्देशों का पालन कर योजनाओं को क्रियान्वयन करना है। बैठक में कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा व ईमरान खान सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> *निस्वार्थ भाव से की गई सेवा या दान ही सात्विक गुण का आधार होता है, सात्विकता से ही संसार को ऊर्जा प्राप्त करता है।*

# मेडिकल टूरिज्म का गढ़ बनता भारत, आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद भी प्रचलित

मेडिकल टूरिज्म में भारत सरकार को मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए जिसमें उचित नियम-विनियमन और प्रोत्साहन शामिल हो। भारत को अपने मेडिकल टूरिज्म का प्रचार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग अभियान भी चलाना चाहिए। टेलीमेडिसिन ई-परामर्श और अन्य डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को अपनाकर भी भारत मेडिकल टूरिज्म को गति दे सकता है।

हाल में यूजीसी नेट में आयुर्वेद बायोलाजी को एक विषय के तौर पर शामिल करने का फैसला हो या फिर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पीएम जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को भी शामिल करने की मांग, इससे यही पता चलता है कि आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की महत्ता बढ़ रही है। इसका प्रमाण तब भी मिला था, जब यह खबर आई थी कि ब्रिटेन के किंग चार्ल्स बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला में पत्नी कैमिला समेत स्वास्थ्य लाभ के लिए आए। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति से सस्ते और सफल इलाज के साथ ही विदेशियों में भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों जैसे-आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, आहार विज्ञान जैसे उपचार लोकप्रिय हो रहे हैं।

योग तो पहले से ही दुनिया भर में लोकप्रिय है। इस संदर्भ में यह भी स्मरण किया जाना चाहिए कि केरल के एर्नाकुलम स्थित श्रीधरीयम आयुर्वेदिक नेत्र अस्पताल द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा के चलते केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा की पुत्री की आंखों की रोशनी वापस आ गई थी। यह किसी चमत्कार से कम न था। इसके बाद अफ्रीकी देशों से बड़ी तादाद में रोगी आयुर्वेदिक चिकित्सा के लिए भारत आने लगे।

मैं अक्सर देहरादून जाता रहता हूं। हर बार मुझे वहां अनेक विदेशी मिल जाते हैं। उनसे बातचीत करने पर पता चलता है कि अधिकांश हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून या आसपास की आरोग्यशालाओं में आए होते हैं। कुछ तो महीनों के लिए आते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कोरोना काल में दुनिया का आयुर्वेद पर भरोसा बढ़ा। इसके चलते विश्व के कई देशों में आयुर्वेदिक दवाओं की मांग बढ़ी है। आज करीब सौ देशों में भारत के हर्बल उत्पाद पहुंच रहे हैं।

आयुर्वेद की महत्ता को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी स्वीकार किया है। यह सही समय है कि आयुर्वेद के साथ अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में शोध को बढ़ावा दिया जाए। अब यह सिद्ध होता जा रहा है कि खानपान के जरिये भी सेहत का ध्यान रखा जा सकता है। इनमें मोटे और छोटे अनाज की महती भूमिका है। मिलेट्समैन कहे जाने वाले पद्मश्री डा. खादरवली का दावा है कि मिलेट्स से अनेक रोगों का इलाज संभव है।उनका कहना है कि छह हफ्ते से लेकर छह महीने तक सिर्फ मिलेट्स के प्रयोग से कई बीमारियों के निदान में सफलता मिलती है। भारत में बीते कुछ वर्षों से हृदय रोग, अस्थि रोग, किडनी एवं लिवर ट्रांसप्लांट और दिल की तमाम बीमारियों के सफल इलाज के लिए दक्षिण एशियाई देशों के अलावा अफ्रीका, मध्य एशिया और खाड़ी के देशों से लेकर पश्चिमी देशों से भी हर साल लाखों रोगी आ रहे हैं।कुछ वर्षों से दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, चंडीगढ़ आदि के आधुनिक अस्पतालों में इलाज कराने के लिए भारी संख्या में विदेशी आने लगे हैं। दुनिया भर में बसे भारतवंशी भी स्वदेश में अपना इलाज कराना पसंद कर रहे हैं। इससे भारत मेडिकल टूरिज्म का गढ़ बन रहा है। देश के नामी प्लास्टिक सर्जन बताते हैं कि उनके पास हर महीने विदेशी बर्न इंजरी के इलाज से लेकर हेयर ट्रांसप्लांट और अपनी ढीली पड़ती त्वचा को ठीक कराने के लिए आते हैं। हमें ऐसी नीतियां अपनानी चाहिए, जिससे अधिक से अधिक विदेशी रोगी इलाज के लिए भारत आएं। उनके भारत आने से देश को अमूल्य विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होगी। जब भी एक रोगी भारत आता है तो उसके साथ दो-तीन तीमारदार भी आते हैं। वे महीनों यहां रहते हैं। भारत में विदेश से रोगी इसलिए भी आ रहे हैं, क्योंकि यहां पर मरीजों को सर्वश्रेष्ठ प्री और पोस्ट-सर्जरी सुविधाएं यूरोप या अमेरिका की तुलना में बहुत कम कीमत पर मिल जाती हैं।

भारत के पास योग्य चिकित्सा पेशेवर और अत्याधुनिक उपकरण हैं। इसके अलावा भारत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से समझौता किए बिना अमेरिका और ब्रिटेन की तुलना में कम खर्चीला उपचार विकल्प प्रदान करता है। भारत में इलाज का खर्च अमेरिका के मुकाबले करीब एक चौथाई है। यदि हम इस मोर्चे पर संभल कर चले तो फिर विदेशी इलाज के लिए थाइलैंड, सिंगापुर और जापान जैसे देशों के बजाय भारत का ही रुख करने लगेंगे। मेडिकल टूरिज्म अरबों डालर का सालाना कारोबार है। इस पर भारत को अपनी पकड़ मजबूत बनानी होगी। इस क्षेत्र में भारत के सामने तमाम संभावनाएं हैं, क्योंकि सारी दुनिया के लोग बेहतर इलाज के लिए अपने देशों की सरहद लांघने लगे हैं। गोवा में आयोजित जी-20 से जुड़े एक कार्यक्रम में बताया गया था कि 2022 में 14 लाख विदेशी इलाज के लिए भारत आए। यह आंकड़ा ही साबित करता है कि भारत की मेडिकल सुविधाओं को लेकर दुनिया में भरोसा बढ़ रहा है, लेकिन हमें 2030 तक अपने यहां हर साल एक करोड़ तक विदेशी रोगियों को इलाज के लिए बुलाने के उपाय करने होंगे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अस्पतालों और क्लीनिकों का निर्माण करके गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार को मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए, जिसमें उचित नियम-विनियमन और प्रोत्साहन शामिल हो। भारत को अपने मेडिकल टूरिज्म का प्रचार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग अभियान भी चलाना चाहिए।

# क्या महाराष्ट्र में शरद पवार का 'करिश्मा' ख़त्म हो गया है?

**आशय येडगे**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सोशल मीडिया पर एक वाक्य धूम मचा रहा था. वो था कि जहाँ बूढ़ा आदमी चल रहा है, वहाँ अच्छा हो रहा है... कम से कम शरद पवार से प्यार करने वाले हर व्यक्ति को इस लाइन का मतलब पता था.

शरद पवार के गुट के उम्मीदवार यह सोच रहे थे कि वो अपने प्रमुख नेता के जादू से विधानसभा पहुँच जाएंगे. यही कारण था कि जहां एनसीपी (एसपी) के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे, वहां शरद पवार की रैलियों की खूब मांग थी.84 वर्षीय शरद पवार ने भी इस मांग के मद्देनज़र राज्य भर में 69 सार्वजनिक बैठकें कीं. वो समय-समय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के ज़रिए अपना राजनीतिक रुख़ बताते रहे. और उन्होंने लोगों को अपने पक्ष में करने का प्रयास भी किया.लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी शरद पवार को 86 में से सिर्फ 10 सीटें ही मिलीं. तो क्या शरद पवार का करिश्मा ख़त्म हो गया? यह जानने के लिए हमने पत्रकारों और राजनीतिक विश्लेषकों से बात की.

कुछ महीने पहले बारामती लोकसभा से जीत हासिल करने वाले शरद पवार को बारामती विधानसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिल पाई.इसलिए एक बार फिर से शरद पवार के राजनीतिक प्रभाव पर सवाल खड़े हो गए हैं.सबसे बड़ा सवाल यही पूछा जा रहा है कि क्या शरद पवार एक बार फिर राजनीति में खड़े हो पाएंगे?साथ ही ये भी कि शरद पवार और उनकी पार्टी का भविष्य क्या होगा?और सबसे अहम बात यह कि क्या महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार का च्करिश्माज् ख़त्म हो गया हैशरद पवार के राजनीतिक सफर में उन्हें कई बार मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है.लेकिन, पिछले चार दशकों में शरद पवार ने अपने राजनीतिक अनुभव और हुनर का इस्तेमाल करके हर बार राजनीति में वापसी की है.लोकसभा चुनाव से पहले उनके भतीजे अजित पवार ने पार्टी समेत ज़्यादातर वरिष्ठ नेताओं पर मुकदमा दायर कर दिया था. मगर, शरद पवार ने नई पार्टी और नए चुनाव चिह्न के साथ लोकसभा चुनाव जीता.हालांकि, विधानसभा चुनाव में वे इस सफलता को दोहरा नहीं सके. विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद क्या पवार एक बार फिर कमबैक कर पाएंगे? शरद पवार के भविष्य के बारे में बात करते हुए वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक डॉ. सुहास पलशीकर ने बीबीसी मराठी से कहा, 2014 के बाद से लगातार यह सवाल पूछा जा रहा है कि एनसीपी का भविष्य क्या होगा? इसका कारण यह है कि इस पार्टी और इसके नेताओं को अक्सर बीजेपी के साथ जाने का लालच दिया जाता रहा है. मगर, हम देख सकते हैं कि उन्होंने बीजेपी के बजाय कांग्रेस के साथ जाने का फैसला किया.डॉक्टर सुहास पलशीकर कहते हैं, हालांकि, यह सच है कि शरद पवार ने पहले भी ऐसी कठिन परिस्थितियों को पार किया है, लेकिन ऐसे कठिन समय से बाहर निकलने के लिए एक अवसर की आवश्यकता होती है.और फिलहाल यह कहना संभव नहीं है कि शरद पवार को आज के दौर में वह अवसर कहां मिलेगा. यह उनके लिए एक बड़ी चुनौती साबित होने वाला है.शरद पवार के जीवन में आए राजनीतिक संकट को याद करते हुए डॉक्टर पलशीकर कहते हैं, शरद पवार साल 1985 के आसपास पहली बार ऐसे राजनीतिक संकट से उबरे थे.उस समय महाराष्ट्र की राजनीति में एक खालीपन था. जनता दल और जनता पार्टी के पतन के दौर में वो खुद राजनीति में फिर से उभरने में सफल हुए थे.उसके बाद दूसरा चरण 1999 में था, जब शरद पवार का कांग्रेस के साथ टकराव हुआ था. उस टकराव के बाद भी, शरद पवार ने तुरंत कांग्रेस के साथ सुलह कर ली और महाराष्ट्र की राजनीति में केंद्रीय स्थान बनाए रखा.इस पड़ाव पर शरद पवार को जितने वोट मिल रहे हैं, वो कम हो चुके हैं. इस बार शरद पवार को 10 से 11 फीसदी वोट मिले हैं. और उनकी सीटें भी बहुत कम हैं.



डॉक्टर पलशीकर ने कहा, अगर चुनौती यह है कि इस स्थिति में पार्टी को फिर से कैसे स्थापित किया जाए, तो मेरा मानना है कि यह अकेले शरद पवार के बजाए पार्टी में उनके सहयोगी नेताओं की दृढ़ता पर ज़्यादा निर्भर करेगा.दूसरा यह कि शरद पवार के लिए चमत्कार कर देने वाली भाषा के इस्तेमाल को अलग रखा जाना चाहिए. अब यह देखना ज़रूरी होगा कि शरद पवार ने ये चमत्कार अकेले किए हैं या फिर दूसरों को साथ लाकर कोई चमत्कार किया है. क्या होगा शरद पवार का भविष्य? अब ऐसा सवाल पूछा जा रहा है.क्योंकि, विधानसभा चुनाव में शरद पवार की पार्टी की हार और राज्य की पूरी राजनीतिक स्थिति को देखते हुए शरद पवार को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है.शरद पवार के भविष्य के बारे में बात करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कुमार केतकर ने बीबीसी मराठी को दिए एक इंटरव्यू में कहा, एक समय महाराष्ट्र में विचारधारा, नेता और पार्टी की नीतियां महत्वपूर्ण हुआ करती थीं. इस साल के चुनाव में इनमें से किसी पर भी चर्चा नहीं हुई.शरद पवार को लेकर भविष्यवाणी करना मुश्किल है क्योंकि वो लंबी दूरी के धावक हैं. शरद पवार ने पिछले कुछ वर्षों में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं. और शरद पवार कभी भी उन उतार-चढ़ाव से दबाव में नहीं आए हैं, बल्कि उन्होंने वापसी की है.शरद पवार कई बार लोगों के बीच जा चुके हैं और संघर्ष कर चुके हैं. इसलिए, यह कहना असंभव है कि शरद पवार अब क्या करेंगे.अजित पवार के बारे में कुमार केतकर ने कहा, जब शरद पवार ने 1999 में कांग्रेस छोड़ी, तो उन्होंने एक अलग पार्टी बनाई. लेकिन, अजित पवार ने अपनी पार्टी नहीं बनाई.उन्होंने तो दावा किया कि वो वास्तविक एनसीपी है. उन्होंने अपना चुनाव चिह्न भी नहीं बदला. इसका राजनीतिक फायदा उनको चुनाव में मिला, जो देखा जा सकता है. शरद पवार और उद्धव ठाकरे के बारे में बात करते हुए लोकसत्ता के संपादक गिरीश कुबेर ने कहा, पिछले दो वर्षों में शिवसेना और एनसीपी में हुई टूट को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि शरद पवार की पार्टी एक त्रासदी बन गई है और उद्धव ठाकरे की पार्टी एक मज़ाक बन गई है.क्योंकि, 84 साल की उम्र में 100 से ज्यादा सभाएं करने वाले नेता, जिन्होंने इस चुनाव में पूरी जान लगा दी थी, उनकी पार्टी को इस चुनाव में कोई खास सफलता नहीं मिल पाई है.बल्कि, उनकी पार्टी की ताकत कम हो गई है. ऐसा लगता है कि अब शरद पवार को अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए राजनीति करना होगी. लड़ें, लेकिन वे राजनीति नहीं छोड़ सकते.

करीब पांच दशक के लंबे करियर के बाद शरद पवार ने पिछले कुछ साल में संन्यास के कई संकेत दिए हैं.विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी शरद पवार ने ऐसा बयान दिया था कि वह अब चुनावी राजनीति में शामिल नहीं होंगे.लेकिन, शरद पवार की राजनीति को जानने वाले कई लोगों ने भविष्यवाणी की कि भले ही शरद पवार चुनाव नहीं लड़ें, लेकिन वे राजनीति नहीं छोड़ सकते अब विधानसभा चुनाव में हार के बाद क्या वाकई उनकी राजनीति खत्म हो गई है? ऐसा सवाल पूछा जा रहा है.इस बारे में बात करते हुए वरिष्ठ पत्रकार राही भिडे ने कहा, मैंने 1985 से शरद पवार की राजनीति को बहुत क़रीब से देखा है. इसलिए, मैं मजबूती से कह सकती हूं कि शरद पवार हार मानने वाले नहीं हैं.राजनीतिक जीवन के इस दौर में इतनी बड़ी हार स्वीकार करना उनके लिए अच्छा नहीं है. जो लोग अभी शरद पवार के साथ हैं, उनमें से कुछ अगले पांच साल के बारे में सोच सकते हैं और इसके चलते शरद पवार का साथ छोड़ सकते हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 324 : निषाद राज ने श्री राम से कुछ दिनों के लिए श्रृंगवेरपुर में निवास करने की प्रार्थना की

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम ने गंभीर वाणी में कहा, ''निषाद राज! मैं आपके द्वारा किए जा रहे आतिथ्य के लिए आपका आभारी हूं लेकिन मैं अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 वर्षों के वनवास पर हूं। इन वर्षों में मुझे ऋषि मुनियों का जीवन जीना होगा। मेरे आहार के संबंध में भी वही नियम है जो ऋषि मुनियों के लिए होता है।मैं आहार में कंदमूल और फल ही ग्रहण करता हूं। अगर स्वतः उग आने वाली कोई अन्य वनस्पति से आहार मिल जाए, तो वह भी ग्रहण कर लूंगा।''

लक्ष्मण जी ने निषाद राज को वनवास पर निकलने और अयोध्या के घटनाक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। यह सुनकर वे दुखी हो गए।

''यह विधाता की अद्भुत लीला है कि आपको इस तरह वन में 14 वर्षों तक कष्टपूर्ण जीवन जीना होगा। यह एक बड़ी विडंबना है कि महाराज दशरथ अपने हृदय पर पाषण रखकर इस घटना के साक्षी बने हैं और इससे उनको मानसिक आघात पहुंचा है।अगर आपका आदेश हो तो मैं और मेरी सेना सभी तरह की सहायता के लिए आपके सम्मुख प्रस्तुत है।'' निषादराज ने विनम्रता पूर्वक प्रस्ताव रखा।

श्री राम ने कहा, ''इसकी कोई आवश्यकता नहीं है मित्र, क्योंकि मैंने स्व निर्वासन चुना है। विधाता ने मुझे किन्हीं बड़े कार्यों के लिए 14 वर्षों तक अयोध्या से बाहर रहने का अवसर दिया होगा।''

''आप अयोध्या में नहीं रह सकते हैं पर यहां श्रृंगवेरपुर में तो निवास कर ही सकते हैं और अगर यह संभव न हो तो मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप कुछ दिनों के लिए मेरा आतिथ्य स्वीकार करें और श्रृंगवेरपर की प्रजा को अपनी सेवा का अवसर प्रदान करें।'' निषादराज ने विनती की।

''इस प्रस्ताव के लिए धन्यवाद मित्र! लेकिन ऐसा संभव नहीं है। मुझे तपस्वी का जीवन जीना है और 14 वर्षों तक मैं किसी नगर या गांव की सीमा के भीतर प्रवेश नहीं कर सकता हूं।'' श्री राम ने समझाया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## सामयिक चर्चा

### आयुर्वेद की महत्ता पर

अखबार पढ़कर
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
हमारे देश का मान बढ़ाने वाली खबर -
ब्रिटेन को भाया हमारा आयुर्वेद।
वहॉ की स्वास्थ्य योजना में
शामिल होगी आयुर्वेदिक पद्धति।
भारतीय आयुर्वेदिक डिग्री को
मान्यता मिलेगी
दस हजार आयुर्वेदिक डाक्टरों की
होगी भर्ती
उनकी मुख मुद्राएँ खिलेंगी।
आज मैं सोचता हूँ गजाधर!
यह खबर पढ़कर
हमारे राजनांदगांव के
आयुर्वेद में एम.डी. डॉ. महेश मिश्रा जी
अवश्य ही गौरवान्वित हो रहे होंगे।
शाम को हम लोग उनसे मिलेंगे।''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बिल्कुल बानी!
हम दोनों चिखली चलेंगे।
और हमें तो इसकी भी उत्सुकता है बानी!
कि आयुर्वेदिक दवाओं की दुकानें
'पतंजलि के नाम से पूरे भारत में
खुलवा देने वाले बाबा रामदेव
उल्लसित होकर टीवी में क्या कहेंगे
कितनी तरह से आयुर्वेद की
महत्ता बताते हुए अपनी
दवाओं का प्रचार करेंगे।''



**गिरीश बख्शी**

## कहानी

### // ख़्वाहिश-ए-दिल //

शर्मा जी! हमें और हमारे बेटे राहुल को आपकी बेटी नेहा पहली नजर में ही पसंद आ गई। इस बारे में आप लोगों का क्या विचार है? हम जल्द ही जानना चाहते हैं।


जी....जी... तिवारी जी; ये तो बहुत ही शुभ समाचार है। शादी पक्की हो इससे पहले मैं आप लोगों के समक्ष अपनी कुछ बातें रखना चाहता हूँ। अरे.....! क्या बात है शर्मा जी; आप निश्चिंत रहिए। हम दहेज-वहेज के पक्ष में बिल्कुल नहीं हैं आप अपना दिल ठंडा रखिए; इस मामले में। तिवारी जी हँसते हुए बोले।

दरअसल, बात यह है कि हमारी बेटी नेहा को कत्थक नृत्य बहुत पसंद है। नेहा हर प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता प्रदान करती है। नेशनल-इंटरनेशनल तक के कंपीटिशन में फर्स्ट आई है। दूर-दूर देश-विदेशों में इसके नृत्य की प्रशंसा होती रहती है। मेरी ख़्वाहिश-ए-दिल है कि मेरी बेटी शादी के बाद भी अपना सपना पूरा करें और हमारा नाम यूँ ही रौशन करती रहे।

मि.और मिसेज तिवारी जी एक - दूसरे को देख खुसुर-फुसुर करने लगे। नेहा के हृदय में चिंता की काली घटाएं उमड़ रही थीं; चेहरे में फीकापन दिखाई दे रहा था क्योंकि रिश्ता बहुत अच्छा था; लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है सपनों को उड़ान देना!

थोड़ी देर बाद मिसेज तिवारी सोफा से उठ हाथ आगे कर बोली - देखिए भाई साहब; आजकल की लड़कियाँ घर में कैद नहीं रहना चाहती हैं, इन लड़कियों से हम भलीभांति परिचित हैं। लेकिन हमारी नेहा तो....... बीच में ही टोकती हुई मिसेज शर्मा बोली। मिसेज शर्मा......! मेरी बातें अभी पूर्ण नहीं हुई। आप लोगों को क्या लगा? हम आपकी बातें सुन रिश्ते से इनकार कर देंगे; सभी की नज़रें मिसेज तिवारी पर टिकी हुई थीं। इतना सुनने के बाद नेहा की धड़कनें और बढ़ने लगीं।

नहीं-नहीं..... भाई साहब! हमारी सोच इतनी छोटी नहीं है कि हम नेहा के सपनों को कैद कर रसोई तक ही सीमित रखें। हमारी बेटी नहीं है तो क्या हम आपके हृदय की बातें नहीं समझ पाएंगे? मैं भी तो किसी की बेटी हूँ न? आप अपनी सारी चिंताओं को डस्टबिन में फेंक आइए; और हाँ अब से नेहा हमारी हुई। ऐसा बोलकर मिसेज तिवारी ने नेहा को गले से लगा लिया। वाह! क्या बात है आज मैं धन्य हुआ; आप लोगों से रिश्ता जोड़ कर। तिवारी जी आप लोगों ने हम सब का मान रखा। शर्मा जी के साथ-साथ उनके घर के सभी लोगों के होठों पर हँसी और आँखों में खुशियों के मोती चमकने लगे।



**प्रिया देवांगन ''प्रियू''**
राजिम, जिला - गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## लघुकथा

### // मेरी गलतफहमियाँ //


श्रीरामचरितमानस गान प्रतियोगिता आयोजित थी। माँ वैदेही मानस मंडली अपनी प्रस्तुति दे रही थी। किष्किन्धाकाण्ड का कथा प्रसंग था। हारमोनियम पर संगत करते हुए शेख लतीफ़ हुसैन अपने व्याख्यान में कह रहे थे- 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और वानर राज सुग्रीव की मैत्री जगत को एक और नेक रहने की संदेश देती है। अगर हम एक रहेंगे तो कोई हमारी ओर आँख उठा कर नहीं देख सकता। एकता में ही बल है। आज हमारे देश को इसी चीज की जरूरत है। जाति-धर्म देश से बड़ा नहीं होता।'



मैं बड़ी तल्लीनता से व्याख्यान सुन रहा था। तभी मैंने देखा, पान ठेले के पास खड़े अहमद और जुनैब भी बतिया रहे थे- 'कौन समझाये इन लोगों को। चंद लोगों के कारण ही आज हमारा इस्लाम बदनाम है। वतन को राम और रहीम की जरूरत है भाई।' आज अहमद और जुनैब की बातें सुन कर मेरी सारी गलतफहमियाँ दूर हो गयी।

**टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला'**


## राशिफल




**मेष**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कुछ छिपे विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसा कोई मौका ही न दें। आपकी प्रतिभा आपका मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आज आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे,जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे।




**वृष राशि**
आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आप पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी।



**मिथुन**
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज आपके व्यवहार से दूसरे लोग भी आपसे प्रभावित होंगे।



**कर्क**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी बात को लेकर भाई- बहन से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नये मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे।




**सिंह**
आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन मेंबहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। इस राशि के जो लोग जॉब की तलाश में है उन्हें आज जॉब के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।




**कन्या**
आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन मेंबहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। इस राशि के जो लोग जॉब की तलाश में है उन्हें आज जॉब के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।



**तुला**
आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने-फिरने के लिए समय बेहतर है। यात्रा का कोई कार्यक्रम बना सकते हैं।




**वृश्चिक**
आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है। इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिए अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है।




**धनु**
आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज पारिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। ऑफिस में नई जिम्मेदारियों को लेने के लिए उत्सुक रहेंगे। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट मिलेगा।



**मकर**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। पहले किये हुये निवेश से आज लाभ मिलेगा। आज आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं। आप नए लोगों से संपर्क कर सकते हैं। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा।



**कुंभ**
राशि आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों का आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं।



**मीन**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आप सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे।

# झोलाछाप डॉक्टरों की अब खैर नहीं, होगी कड़ी कार्रवाई



## अवैध शराब परिवहन, भंडारण, विक्रय पर करें कड़ी कार्रवाई

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कानून व्यवस्था से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिला के संपूर्ण सीमा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के अंदर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारीगण संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी स्थिति जिससे कानून व्यवस्था का उल्लंघन होने की आशंका निर्मित हो, वहां सतर्कता से कार्य करते हुए स्थिति नियंत्रण में रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पहल करें। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था का उल्लंघन होने एवं अप्रिय स्थिति निर्मित होने में मुख्य रूप से अवैध शराब मुख्य कारण होता है। उन्होंने जिले के सीमा क्षेत्र के अंदर सभी प्रकार के अवैध शराब के भंडारण, परिवहन और विक्रय पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पुलिस, राजस्व, आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा महाराष्ट्र सीमा से होकर आने वाले अवैध शराब पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने जिले के अंतर्गत शराब का अवैध व्यापार करने वाले कोचियों का नाम पता की सूची प्रत्येक थाना स्तर पर तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन के लिए अनुशासित होना अति अनिवार्य है। उन्होंने स्कूल, कॉलेज एवं छात्रावास आश्रम के आसपास नशीले दवाइयां एवं पदार्थ के विक्रय पर नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। स्कूली बच्चों के द्वारा नशीली दवाइयां के सेवन पर रोक लगाने के लिए शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग, राजस्व विभाग और औषधि प्रशासन विभाग को संयुक्त रूप से जनजागरूकता सेमिनार का आयोजन कर इसके दुष्प्रभाव से अवगत कराने निर्देशित किया गया है।

बैठक में जिले के मुख्य मार्ग, चौक चौराहे, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने पर कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। अन्य नशीले पदार्थ जैसे गांजा सहित अन्य नशीले सामग्रियों के विक्रेताओं पर कार्रवाई करने कहा गया है।

कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए सड़क पर घुमंतू जानवरों के धरपकड़ की कार्रवाई के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्य योजना तैयार कर इस दिशा में कार्यवाही करने कहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा जिले में उपचार के नाम पर आमजनों से की जा रही ठगी पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने जिले भर में अवैध रूप से संचालित चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने महाराष्ट्र की सीमा एवं अन्य राज्य से धान के परिवहन पर सीमा क्षेत्र पर नजर रखने और जांच उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित सभी छात्रावास, आश्रमों का सतत रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने यहां संचालित गतिविधियों पर नजर रखने कहा है। छात्रावास आश्रमों में महिला चौकीदारों की नियुक्ति करने, समय-समय पर गुड टच, बेड टच की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सड़क के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करें। अवैध कब्जा व अतिक्रमण युक्त शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करें। ऐसे शासकीय भूमि को शासकीय प्रयोजन के लिए उपयोग में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि को गलत तरीके से विक्रय होने की शिकायत पाए जाने पर संबंधित राजस्व अधिकारी के विरुद्ध जवाबदारी तय की जाएगी। बैठक में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, लोक निर्माण विभाग, औषधि प्रशासन विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बकाया वसूली में सख्त विद्युत विभाग : काटे गए 116 कनेक्शन



## सख्ती के चलते 10 लाख की

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत विद्युत बिल बकायादारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, विगत सप्ताह 21 से 25 नवम्बर तक इस संभाग के अंतर्गत वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभियंताओं मुख्यालयों में विशेष अभियान चलाते हुए पुनः 116 उपभोक्ताओं की विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया, विभाग व्दारा दी गई जानकारी के अनुसार इन 116 उपभोक्ताओं की बकाया राशि 1.70 लाख रूपये था जबकि 286 उपभोक्ताओं के विरूद्ध दस लाख रूपये वसूल भी किये गये हैं। डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता पी.सी.साहू ने बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि पर बिल भुगतान हेतु बिल वितरण कराया जाता, उसके बाद बिजली देयकों के भुगतान में विलंब होने पर सूचना के बाद भी बिल भुगतान नहीं करने पर लाईन काटने की कार्यवाही की जा रही है। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि लाईन विच्छेदन की कार्यवाही से बचने के लिए बिजली बिलों का भुगतान समय पर करें।

डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में औद्योगिक, व्यवसायिक एवं अन्य प्रयोजनों के विरूद्ध बिजली बिल बकाया वसूली करने हेतु वितरण केन्द्र स्तर पर सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की विशेष टीम गठित किया गया है, यह अभियान आगे निरंतर जारी रहेगा। अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये जा रहे मीटर वाचन के कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग से उपभोक्ता को जोड़ने के लिए मोबाईल में मोर बिजली एप की सुविधा भी दी जा रही है, जिसमें उपभोक्ताओं को अपने उपभोक्ता क्रमांक से बिजली बिल सहित विभिन्न प्रकार की जानकारियाँ मिल जाती है और इसके माध्यम से बिल भुगतान भी किया जा सकता है। इस एप में विगत दो वर्षों के विद्युत खपत से लेकर भुगतान की जानकारी कभी भी देखी जा सकती है।

# पहला कॉलम...

## आदर्श ग्राम सुरगी में संविधान दिवस मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। जिले के विधायक आदर्श ग्राम सुरगी में आज 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को संविधान के निर्माण से लेकर संविधान संशोधन, विभिन्न धाराओं के बारे में संस्था के व्याख्याता सुशील नारायण शर्मा और वीरेंद्र टेम्भुरकर के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर शा.उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी के अंग्रेजी के व्याख्याता किरण साहू ने अंग्रेजी में और सुशील शर्मा ने हिन्दी में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर बच्चों को शपथ दिलाये। गीतांजली साहू व्याख्याता और चारुलता भौतमांगे ने और कृषि शिक्षक पंकज चंदेल ने भी सभा को सम्बोधित किये। कार्यक्रम में प्राचार्य एन.के.साहू ने बच्चों को अपनी शुभकामनायें दी है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एन.के.साहू, व्याख्यातागणों में योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा, वंदना देवांगन, चारुलता भौतमांगे, हेमलता साहू, स्मिता मिश्रा, किरण साहू, गीतांजलि साहू, चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा, अरुणा साहू, देवेंद्र मंडावी, बलराम आर्य, शिवम झा, पंकज चंदेल, क्षत्रपाल देशमुख, देवेंद्र साहू, आदि शिक्षक और व्याख्याता गण उपस्थित थे।

## जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन



बालोद (दावा)। संविधान दिवस के अवसर पर आज 26 नवंबर को जिला जनसंपर्क कार्यालय बालोद के अधिकारी-कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। इस दौरान जिला समन्वयक सोशल मीडिया तनवीर खान, वाहन चालक राजेन्द्र कुंजाम, चौकीदार कृष्ण शरण साहू सहित सुश्री रूबीना खान, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक उपस्थित थे।

## योग विभाग के छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती डॉ ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं योग शिक्षिका मंजू धनकर के नेतृत्व में 19 से 20 नवंबर को योग साइंस पीजी डिप्लोमा के छात्र-छात्राओं को सत्र 2024-25 के शैक्षणिक भ्रमण गतिविधियां अंतर्गत हरिद्वार पतंजलि पीठ 6 से प्रशिक्षित योग गुरु लेखूराम के द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र ग्रामछपरी भोरमदेव जिला कबीरधाम में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। जिसके अंतर्गत मिट्टी पट्टी, जल नीति, सूत्र नीति, शिरोधारा, स्टीम बाथ, आदि की जानकारियां दी। प्राचीन भोरमदेव मंदिर दर्शन कबीरधाम एवं अमरकंटक नर्मदा मैया, श्रीयंत्र मंदिर माई की बगिया, सांख्य दर्शन के मुनि कपिल मुनि की कपिलधारा, दूध धारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में कुश मालेकर, संजय वर्मा, शीतल, सेवकराम, दालेश्वर, कामेश्वरी, रानी, सोनिया, अंजलि, यामिनी, बबीता, मोनिका, प्रीति आदि छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# अन्य राज्यों से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं का योगदान अतुल्य- चंद्रशेखर बावनकुले

## संयोजक व प्रदेश महामंत्री राम जी भारती को पत्र प्रेषित कर आभार जताया महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने



डोंगरगढ़ (दावा)। महाराष्ट्र चुनाव में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई महती जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करने वाले संयोजक व प्रदेश महामंत्री रामजी भारती को पत्र प्रेषित कर सभी प्रवासी भाजपा कार्यकर्ताओं का महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने आभार व्यक्त किया है। श्री भारती के नाम भेजे गए पत्र में कहा गया है कि, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 मे भाजपा महायुती ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। भाजपा को अब तक की सर्वोच्च 132 सीटे मिली। लोकसभा चुनाव 2024 में महाराष्ट्र में भाजपा को अपेक्षित यश नही मिलने के बाद विधानसभा चुनाव मे परिस्थिति चुनौतीपूर्ण बनी थी। लेकिन पांच महिनों में पूरा चित्र पलट कर भाजपाने विजय प्राप्त किया।

प्रदेश में हर बूथ में, हर गांव में, हर शहर में भाजपा की सफलता के लिये पार्टी की ओर से अपार प्रयास किये गये, इसमें महाराष्ट्र के कार्यकर्ताओं के इतना ही अन्य राज्यों से आये प्रवासी कार्यकर्ताओं का योगदान है। आप ने केवल पार्टी के लिये अपना घर छोड कर, त्योहार भूल कर, कडी मेहनत की। भाजपा के संगठन सर्वोपरि इस मंत्र वास्तव में उतारा, आप ने पार्टी की जो सेवा की उसकी जितनी प्रशंसा करे वह कम है। भाजपा महाराष्ट्र के लाखों कार्यकर्ताओं की ओर से मैं आपका आभार व्यक्त किया है।

## कलेक्टर और अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का किया पठन

मोहला (दावा)। भारतीय संविधान दिवस 26 नवंबर के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं अधिकारी कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पठान कराया।

# पुलिस पेट्रोलिंग वाहन ने स्टेट हाइवे में बाइक सवार युवकों को मारी ठोकर

## खैरागढ़ में पुलिस की गाड़ी से एक युवक की मौके पर मौत, एक बुरी तरह घायल





खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-कवर्धा स्टेट हाइवे पर जयराम तालाब पिपरिया के समीप गंडई पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को बुरी तरह रौंद दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस पेट्रोलिंग कार की ठोकर से बाइक सवार युवक दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगे। इस हृदयविदारक दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और एक युवक बुरी तरह घायल हो गया है,जिसे सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया है। घायल खैरागढ़ अटल आवास निवासी समीर खान पिता स्माइल खान बताया जा रहा है। उक्त घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है,वहीं दुर्घटना में मृत युवक के शव को सिविल अस्पताल खैरागढ़ में रखा गया है । जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले में अभी कुछ भी कहने से बच रही है,वहीं सिविल हॉस्पिटल खैरागढ़ में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। बताया जा रहा है,कि मृत युवक का पोस्टमार्टम कल सुबह किया जाएगा।

# अपनी शैली व स्वभाव से अहिल्यादेवी ने आक्रांताओं द्वारा नष्ट प्राचीन सैकड़ों धरोहर का पुनर्निर्माण करवाया - अनिल श्रीवास्तव





## जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर घोटिया स्कूल में संगोष्ठी का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय संस्कृति के विरासत को सुरक्षित और संरक्षित करने में किशोरी बालिकाओं की अहम भूमिका है, जीवन शैली ही संस्कृति कहलाती है, इसकी पुरोधा 8 वर्ष की बालिका अहिल्या देवी होल्कर में देखने को मिलती है, अपनी किशोरी सहेलियों के साथ किए गए कृति, नेतृत्व दर्शन को जनजातीय क्षेत्र के हाईस्कूल घोटिया में किशोरी बालिकाओं को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर अनिल श्रीवास्तव जिला नोडल मितानिन कार्यक्रम द्वारा अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि अहिल्या देवी का संपूर्ण जीवन सत्य पालन, दया करना, माता-पिता गुरुजनों की सेवा करना, सभी सत्कर्म करना, स्वाध्याय एवं ईश्वर भक्ति करना, अर्थात संस्कृत में न दिखाई देने वाला सूक्ष्म तत्व जैसा है, किंतु अपनी शैली व स्वभाव से अहिल्यादेवी ने आक्रांताओं द्वारा नष्ट प्राचीन धरोहर, ऐसे 300 केंद्रों का निर्माण करवाया, अपनी सहेलियां अर्थात बालिकाओं एवं मातृशक्ति पर अपने जीवन पुरुषार्थ एवं न्याय प्रियता का अनूठा छाप छोड़ने का कार्य किया, देश समाज, संस्कृति को संबल प्रदान करने के लिए एकता, संघर्षशीलता और निडरता से भारतीय संस्कृति को पुनरुद्धार करने का उदाहरण प्रस्तुत किया। श्री श्रीवास्तव ने विद्यालय की बालिकाओं को बताया कि अहिल्यादेवी होल्कर भी एक सामान्य किसान के घर में जन्मी सांवली सूरत वाली बालिका रही, जिसका जन्म 31 मई 1725 ईस्वी में हुआ। आज पूरे देश में उनके चरित्र व कार्य का यशोगान किशोरी बालिकाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में प्रेरणा का स्रोत बनेगी, जिनकी मृत्यु 13 अगस्त सन 1795 में हुई।

देवी अहिल्याबाई अपने जीवनकाल की अंतिम समय में भी राजकोष में 80,000 करोड़ रुपए की संपत्ति छोड़कर इस संसार से विदा हुई। ऐसी मंगलकारी चेतना के कार्यों का स्मरण व प्रेरणा हमें बार-बार मिले, इसके लिए उनके जीवन संस्मरण व कार्य को हमें स्मरण करते रहना होगा, इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य दुर्गेश कुमार पैंकरा वरिष्ठ शिक्षक राम प्रसाद पटौती हेम कुमार वर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य संयोजक अग्रसेन वर्मा तथा सैकड़ों की संख्या में विद्यालय की बालिका उपस्थिति रही।

# सुदर्शन वाल्मीक समाज द्वारा संविधान दिवस मनाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। डॉ. भीमराव अंबेडकर विकास समिति सुदर्शन वाल्मीक समाज, इंदिरा नगर वार्ड नंबर 5 डोगरगढ़ द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम भारतीय संविधान के 75वी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जो संविधान के गठन की याद में मनाया जाता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हत्थेल, नरेश करसे, मयूर हत्थेल, अनिल भौवरेल, विक्रम रगड़े, ऋषभ डकहा, शुभम परिहार और सुमित डकहा सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण मौजूद रहे। यह कार्यक्रम भारतीय संविधान के 75वी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जो संविधान के गठन की याद में मनाया जाता है।

# रेल यात्री की सुविधा के लिए रेलवे प्लेटफार्म में मूलभूत सुविधा प्रदान करने कलेक्टर को ज्ञापन




## माँ बम्लेश्वरी देवी, भगवान चंद्रप्रभु, भगवान गौतम बुद्ध के दर्शन लाभ के लिए लाखों पर्यटक डोंगरगढ़ धाम आते हैं - किशोर जैन

डोंगरगढ़(दावा)। कलेक्टर राजनांदगांव को सेठ सि. किशोर जैन अध्यक्ष दि. जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट डोंगरगढ़ द्वारा रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़ में आने वाले पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग से संबंधित पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में कहा गया है कि, डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 04 के संपूर्ण क्षेत्र में शेड नहीं होने से रेल यात्रियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मूलभूत सुविधा के तहत यात्रियों के लिए प्लेटफॉर्म में शौचालय बनवाया जाना नितांत आवश्यक है। बैठने के लिए प्लेटफॉर्म में आराम दायक स्टील कुर्सियों के नहीं होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म में मनोरंजन हेतु टीवी नहीं लगाया गया है। प्रस्तावित नया प्लेटफॉर्म जो कालका पारा की ओर निर्माणाधीन रेल्वे स्टेशन में रिटायरिंग रूम में सर्वसुविधा युक्त कम से कम 50 बेड एवं डोर्मिटोरी की व्यवस्था करवायी जाए। सनद रहे डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ राज्य का ही नहीं महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं देश के अन्य जगह से आने वाले यात्री के लिए प्रमुख केंद्र बन गया है। धार्मिक पर्यटन के रूप में माँ बम्लेश्वरी देवी, भगवान चंद्रप्रभु, भगवान गौतम बुद्ध के दर्शन लाभ के लिए लाखों की संख्या में वर्ष भर यात्री आते हैं। पैदल पुल रेम्प जो वर्तमान में 1,2,3 के लिए है उसका विस्तार प्लेट फॉर्म क्रमांक 4 एवं नया प्लेटफॉर्म जो कालका पारा तक किए जाने की महती आवश्यकता है।

# कलेक्टर जनदर्शन में 16 आवेदन प्राप्त, समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश



## कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं का गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के दिये निर्देश

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 16 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर जनदर्शन में आज जिले के विकासखंड मोहला अंतर्गत ग्राम पंचायत मटेवा के समस्त ग्रामवासियों ने धान मंडी कार्यालय से मेन सड़क तक सी.सी. सड़क निर्माण की स्वीकृति के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। ग्रामवासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि धान मंडी कार्यालय तक आने जाने में किसान भाईयों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार मोहला के निवासियों द्वारा जिला मुख्यालय में सड़क मरम्मत कराने के संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया गया। इसी प्रकार समस्त ग्रामवासी बिटेझर डालाकसा के निवासियों ने पृथक नवीन पंचायत गठन करने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार वि.ख. अं.चौकी अंतर्गत ग्राम बिहरीकला के समस्त ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत बिहरीकला के पंचायत सचिव कोमल सिंह कश्यप को यथावत रखने के संबंध में आवेदन दिया। वि.ख. मानपुर अंतर्गत ग्राम घोड़ागांव निवासी रामदास बोगा ने पटट पर्चा बनाने के संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जक्के के समस्त ग्रामवासियों ने पल्लेमाड़ी सुरक्षा बल कैंप बनाये रखने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार जिले के अन्य आवेदको ने अपने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगायी है।

# पहला कॉलम...

## एस्सार ग्रुप के सह-संस्थापक शशि रुइया का निधन

नई दिल्ली। एस्सार ग्रुप के सह-संस्थापक और अरबपति उद्योगपति शशिकांत रुइया का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मंगलवार को एस्सार ग्रुप ने इस दुखद खबर की पुष्टि की।

रुइया और एस्सार परिवार ने एक बयान में कहा, हमें भारी दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्री शशिकांत रुइया, रुइया और एस्सार परिवार के प्रमुख, अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने समाज सेवा और परोपकार के माध्यम से लाखों लोगों की जिंदगी को छुआ और गहरी छाप छोड़ी। बयान में आगे कहा गया, उनकी विनम्रता, सादगी और हर किसी से जुड़ने की क्षमता ने उन्हें एक असाधारण लीडर बनाया। भारत के कॉरपोरेट जगत को नई दिशा देने में उनकी भूमिका बेहद अहम रही। शशिकांत रुइया ने एस्सार ग्रुप की नींव रखकर इसे एक वैश्विक संगठन में बदल दिया। कंपनी ने कहा, शशिकांत रुइया की विरासत हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी। हम उनके विचारों और मूल्यों का सम्मान करते हुए आगे बढ़ेंगे। शशि रुइया का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रुइया हाउस में रखा जाएगा। वह पहली पीढ़ी के उद्योगपति थे। 1965 में उन्होंने अपने पिता नंद किशोर रुइया के मार्गदर्शन में अपने करियर की शुरुआत की थी। शशिकांत रुइया प्रधानमंत्री के इंडो-अमेरिका सीईओ फोरम और भारत-जापान बिजनेस काउंसिल के सदस्य भी थे।

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की बिगड़ी तबीयत

चेन्नई । भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास की तबीयत बिगड़ने की खबर सामने आ रही है. तबीयत बिगड़ते ही उन्हें चेन्नई के अस्पताल में एडमिट कराया गया है. जानकारी के अनुसार, सीने में दर्द होने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सेहत की जानकारी देते हुए आरबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि चिंता की बात नहीं है, वे अब ठीक हैं. दरअसल, एसिडिटी की वजह से उनके सीने में दर्द उठा था और हॉस्पिटल लाना पड़ा. दर्द के बाद उन्हें चेन्नई के अपोलो अस्पताल में एडमिट करवाया गया. मिली जानकारी के मुताबिक, कुछ ही घंटों में शक्तिकांत दास को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी. बता दें कि शक्तिकांत दास का कार्यकाल 10 दिसंबर, 2024 को पूरा हो जाएगा. अगर वह दोबारा से आरबीआई के गवर्नर बनाए जाते हैं तो 1960 के बाद शक्तिकांत सबसे लंबे समय तक गवर्नर पद पर बने रहने का इतिहास रचेंगे. 2018 में उर्जित पटेल के आरबीआई गवर्नर पद के इस्तीफे बाद शक्तिकांत दास गर्वनर बनाए गए थे.

## भारतीय रेलवे ने पिछले 10 वर्षों में 5 लाख कर्मचारियों को भर्ती किया: अश्विनी वैष्णव

नागपुर। भारतीय रेलवे ने पिछ्ले 10 वर्षों के दौरान पांच लाख से अधिक कर्मचारियों की भर्ती की है, जो पिछ्ले दशक में भर्ती किए गए कर्मचारियों की संख्या से अधिक है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि 2004 से 2014 के बीच भारतीय रेलवे द्वारा नियुक्त लोगों की संख्या 4.4 लाख थी। उन्होंने अखिल भारतीय एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने रेलवे प्रोडक्शन प्लान के बारे में भी बताया, जिसमें नए स्पेशल और जनरल कोच को शामिल किया गया है। वर्तमान में 12,000 से अधिक जनरल कोच का प्रोडक्शन हो रहा है, जिससे आम लोगों के लिए ट्रेन का सफर आसान होने की उम्मीद की जा रही है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने एक स्मृति चिह्न को भी पेश किया और इससे पहले दीक्षाभूमि में केंद्रीय स्मारक पर डॉ. भीम राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की।

## क्रैश हुआ डीएचएल कंपनी का कार्गो विमान, एक की मौत

नई दिल्ली। जर्मनी की पार्सल एवं कूरियर सेवा प्रदान करने वाली ष्ठ्ब कंपनी का एक कार्गो विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार यह घटना 25 नवंबर (सोमवार) की है। यह हादसा लिथुआनिया की राजधानी के पास हुआ। विमान एक मकान के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की खबर है। इस हादसे में प्लेन में सवार तीन लोग बच गए। एलआरटी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि दुर्घटना के बाद दो लोगों के अपस्ताल ले जाया गया, जबकि एक को मृत घोषित कर दिया गया। मालवाहक विमान के साथ यह हादसा एयरपोर्ट के पास दो मंजिला मकान के ऊपर हुआ। हादसे में कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। लिथुआनिया एयरपोर्ट अथॉरिटी ने विमान की पहचान जर्मनी के लीपजिंग से विलनियस हवाई अड्डे के लिए उड़ाने भरने वाले डीएचएल मालवाहक विमान के तौर पर की है।

# आईपीएल 2025 के लिए पांच टीमों ने तय किया अपना टीम का कप्तान



नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन का आयोजन किया गया। जहां कई बड़े खिलाड़ियों पर दांव लगाया गया। ऑक्शन के दूसरे दिन सभी टीमों ने अपना स्क्वाड पूरा कर लिया। वहीं सभी टीमों के पर्स में कुछ राशि बची रह गई। ऑक्शन के दौरान कई टीमों को कप्तान की तलाश थी, वहीं कुछ टीमों ने पहले ही अपने कप्तानों को रिटेन कर रखा है। ऑक्शन के बाद लगभग सभी टीमों के लिए कप्तानी को लेकर तस्वीरें साफ हो गई हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि आईपीएल 2025 के दौरान किस टीम की कप्तानी कौन सा खिलाड़ी करेगा।

आईपीएल ऑक्शन से पहले 10 में से पांच टीमें ऐसी थी जिन्होंने अपने कप्तानों को अगले सीजन के लिए रिटेन किया। उन टीमों में चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद का नाम शामिल है। इन पांच टीमों में दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नाम शामिल है। इन पांच टीमों को ऑक्शन के दौरान नए कप्तानों की तलाश थी। लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स ने तो लगभग अपने कप्तान को खरीद लिया है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने ऑक्शन में ऐतिहासिक बोली लगाकर 27 करोड़ में ऋषभ पंत को खरीदा। वह अगले सीजन रुस्त्र के लिए कप्तानी कर सकते हैं। वहीं पंजाब किंग्स की टीम ने भी एक बड़ी बोली लगाकर चैंपियन कप्तान श्रेयस अय्यर को अपने स्क्वाड में शामिल किया। जो अगले सीजन उनके टीम के लिए कप्तान हो सकते हैं।आईपीएल 2025 में तीन टीमें ऐसी हैं, जिनके कप्तान को लेकर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। इन तीन टीमों में दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नाम शामिल है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अगले सीजन अक्षर पटेल, फॉफ डु प्लेसिस और केएल राहुल में से कोई एक कप्तानी कर सकते हैं। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के पास अभी वेंकटेश अय्यर हैं। माना जा रहा है कि वह कप्तान हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक एक भी आईपीएल मैच में कप्तानी नहीं की है। आखिर में बात करें आरसीबी के बारे में तो विराट कोहली के अलावा उनके पास रजत पाटीदार भी एक विकल्प हैं। वहीं उन्होंने इंग्लैंड के फिल साल्ट को भी टीम में शामिल किया है। जो इंग्लैंड के लिए कप्तानी कर चुके हैं। ऐसे में यह तीन टीमें अभी भी कंफ्यूज होंगी।

### इन पांच टीमों ने चुने कप्तान

चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तान रुतुराज गायकवाड़, गुजरात टाइटंस की कप्तानी शुभमन गिल, मुंबई इंडियंस की कप्तानी हार्दिक पांड्या, राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी संजू सैमसन और सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी पैट कमिंस होंगे।

# सिनर ने इटली को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया

मलागा (स्पेन)। शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व नंबर एक यानिक सिनर की बदौलत इटली ने नीदरलैंड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार डेविस कप जीत लिया। इटली लगभग 25 वर्ष तक डेविस कप खिताब से दूर रहा, लेकिन सिनर के आते ही उसे लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ है। सिनर ने टैलन ग्रीकस्पोर को सीधे सेटों में 7-6 (2), 6-2 से हराकर इटली को विजेता बनाया।



**फाइनल में नीदरलैंड को 2-0 से हराया**

इससे पहले मैटियो बेरेटिनी ने राफेल नडाल को उनके अंतिम मुकाबले में हराने वाले बोटिक वान डि जेंडशुल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। सिनर ने जीत के बाद कहा, गत विजेता होकर एक बार फिर चैंपियन बनना, हमारे लिए इससे अच्छी भावना और कोई नहीं हो सकती है। पलासियो डि डिपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कारपेना में बैठे 9 हजार दो सौ दर्शकों में इटली को जबरदस्त समर्थन मिला। इटली के समर्थकों ने मेगा फोन और ड्रमों की थाप पर अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चेक गणराज्य की ओर से 2012 और 2013 में लगातार दो बार डेविस कप का खिताब जीतने के बाद इटली दो बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जारी किया 75 का सिक्का

नई दिल्ली। नई दिल्ली में देश के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को सिक्का जारी करती हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। देश के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद में 75 रुपये का एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में हुए समारोह के दौरान यह ऐतिहासिक सिक्का जारी किया गया। संविधान दिवस पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। राष्ट्रपति ने संविधान की पहली संस्कृत प्रति और उसके मैथिली संस्करण का भी अनावरण किया।



खबर के मुताबिक, सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 75 साल पहले संविधान को अपनाए जाने पर विचार किया और इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने देश के आधारभूत पाठ को आकार देने में संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों के योगदान पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने सभी भारतीयों से संवैधानिक आदर्शों को अपने आचरण में आत्मसात करने और अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और साल 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संविधान दिवस के पावन अवसर पर आप सभी के बीच आकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। हमारा संविधान, हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की सुदृढ़ आधारशिला है। हमारा संविधान, हमारे सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान को सुनिश्चित करता है। हमारी संविधान-सभा में हमारे देश की विविधता को अभिव्यक्ति मिली थी। संविधान-सभा में सभी प्रान्तों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति से, अखिल भारतीय चेतना को स्वर मिला था। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संविधान की भावना के मुताबिक, कार्यपालिका, विधायिका, और न्यायपालिका का यह दायित्व है कि वे सामान्य लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए मिलजुल कर काम करें। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान, सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के लोगों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

# वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में डी गुकेश को मिली करारी हार, चीनी प्लेयर ने मारी बाजी

नई दिल्ली। विश्व शतरंज चैंपियनशिप में भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन ने बेहद दबाव वाले पहले मुकाबले में हरा दिया। काले मोहरों से खेलते हुए लिरेन ने 14 बाजियों के मुकाबले में शुरूआती बढत बना ली है। यह मुकाबले दिसंबर के मध्य तक चलेंगे। गुकेश ने पहले मुकाबले के बाद कहा कि यह होता है। यह लंबा मैच है। मैने लिरेन से ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद की थी। हमें आगे बहुत खेलना है और यह काफी रोमांचक होने वाला है।



काले मोहरों से खेलते हुए जीतने से लिरेन को 25 लाख डॉलर ईनामी राशि के मुकाबले में पूरे अंक ही नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक बढत भी मिल गई। सबसे पहले 7.5 अंक तक पहुंचने वाला खिलाड़ी विजेता होगा। विश्व चैम्पियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 साल के गुकेश ने शुरुआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब च्फ्रेंच डिफेंसज् से दिया। गुकेश ने कहा कि मैं नर्वस था लेकिन खेल शुरू होने के बाद सहज हो गया लेकिन फिर लय खो दी।

गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरूआत की अपनी दिक्कत से वह उबर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके 42 चालों में जीत दर्ज की। लिरेन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैने लंबे समय से एकल क्लासिकल मैच नहीं जीता है लेकिन आज जीतने में कामयाब रहा। मैं खुशकिस्मत रहा क्योंकि मैं दो बार चूका। उन्होंने कहा कि पहले मुकाबले में वह शुरूआत में नर्वस था लिहाजा मैने कुछ अलग किया जो लंबे समय से नहीं किया था और यह रणनीति कारगर रही।

# ऑस्ट्रेलिया दौरा छोड़ भारत वापस लौटेंगे गंभीर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऑस्ट्रेलिया से वापस आ रहे हैं। टीम इंडिया 30 नवंबर से कैनबरा में प्रधानमंत्री इलेवन के खिलाफ होने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच में मुख्य कोच के बिना मैदान में उतरेगी। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कारणों से गंभीर स्वदेश लौट रहे हैं, लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले उनके ऑस्ट्रेलिया लौटने की संभावना है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर निजी कारणों से भारत लौट आए हैं, लेकिन 6 दिसंबर को एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले उनके टीम से जुड़ने की उम्मीद है। कैनबरा में होने वाला अभ्यास मैच हालांकि दिन में खेला जाएगा, लेकिन इसमें गुलाबी कूकाबुरा गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 0-3 से क्लीन स्वीप होने के बाद ऑस्ट्रेलिया सरजमीं पर भारत ने दमदार कमबैक किया। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पांच मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से आगे है। भारतीय टीम गंभीर की अनुपस्थिति में तैयारियों की देखरेख के लिए सहायक कोच अभिषेक नायर, रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्केल पर निर्भर रहेगी। इस बीच, कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से भारत को मजबूती मिली है, जो पितृत्व अवकाश (पैटरनिटी लीव) के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे थे। हालांकि, रोहित की वापसी के साथ प्लेइंग-11 का चयन थोड़ा पेचीदा हो गया है।

# केंद्र सरकार ने आयकर विभाग के पैन 2.0 प्रोजेक्ट पर लगायी मुहर

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने आयकर विभाग के पेन 2.0 प्रोजेक्ट पर अपनी मुहर लगा दी है। अब लोगों को जल्द ही क्यूआर कोड सुविधा वाला नया पैन कार्ड मिलेगा, जो सरकार की महत्वाकांक्षी मुहिम डिजिटल इंडिया के मुताबिक होगा। ऐसे में लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। जैसे कि पैन कार्ड क्या होता है, पैन कार्ड कैसे बनता है, अब पुराने पैन कार्ड का क्या होगा, नया पैन कार्ड क्यों बन रहा है, क्या इसके लिए कोई शुल्क देना होगा। आइए इन सवालों का जवाब जानते हैं।

परमानेंट अकाउंट नंबर को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जारी करता है। इसका ज्यादातर इस्तेमाल वित्तीय कामकाज के लिए होता है। जैसे कि इनकम टैक्स भरना, बैंक अकाउंट ओपन करना या प्रॉपर्टी खरीदना। पैन कार्ड 10 अंकों का नंबर होता है, जिसमें आपके वित्तीय लेनदेन से जुड़ी सारी जानकारियां दर्ज होती हैं। जैसे कि आपकी कितनी है, आपका कितना टैक्स भरते हैं आदि। इसमें आपके निवेश से जुड़ी पूरी जानकारियां भी होती हैं।

केंद्र सरकार ने पेन अपग्रेड के लिए पैन 2.0 की शुरुआत करने की बात कही है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, क्कन्न्हृ 2.0 प्रोजेक्ट एक ई-गवर्नेंस पहल है जिसका मकसद पैन ऑथेंटिकेशन से लेकर पैन के इस्तेमाल को आसान और सुरक्षित बनाना है। उन्होंने कहा कि पैन कार्ड को ऑपरेट करने वाले सॉफ्टवेयर 15-20 साल पुराने हैं, जिन्हें अपग्रेड करने की जरूरत है।

अगर आपके पास पहले से ही पैन कार्ड है, तो आपको कुछ करने की जरूरत नहीं। आपको नया पैन कार्ड मिल जाएगा। इसके लिए फीस भी नहीं देनी होगी। इसे आपको पता पर डिलीवर किया जाएगा। हालांकि, अगर आपके पास पैन कार्ड नहीं है, तो आपको डिजिटल या फिजिकल पैन कार्ड के लिए आवेदन करना होगा।

**नए पैन कार्ड में नया क्या होगा?**

नए पैन कार्ड में क्यूआर कोड जैसी सुविधाएं होंगी, जो यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर करेंगी। सरकार का मकसद डिजिटल इंडिया के तहत पैन 2.0 परियोजना को अधिक उपयोगी बनाना है। यह सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। यही वजह है कि सरकार पैन और आधार को लिंक कराने पर काफी जोर दे रही है।

**पैन कार्ड कैसे बनेगा?**

पैन कार्ड की बात करें, तो यह भी आधार कार्ड जितना ही महत्वपूर्ण डॉक्युमेंट है। खासकर, वित्तीय मामलों में इसकी अहमियत आधार कार्ड से भी अधिक हो जाती है। इसे आप फिजिकल और डिजिटल, दोनों तरीकों से बनवा सकते हैं। आयकर विभाग ने पैन कार्ड को फिजिकल तरीके से बनवाने के लिए कई पे नियरबाई और रिटेल स्टोर को क्क्रन्ह्र सर्विस एजेंसी (क्क्रस्न) बनाया है। इसमें किराना स्टोर, मोबाइल रिचार्ज आउटलेट, ट्रैवल एजेंसी आदि शामिल हैं।

***ट्रंप के एक तीर से तीन निशाने...***

से चीन की कई कंपनियां उत्पादन कर रही है। वहीं, इंडोनेशिया, वियतनाम, कंबोडिया जैसे देशों में पिछ्ले कई सालों से चीन की कंपनियां तेजी से स्थापित हो रही हैं और चीन इन देशों से अपना माल अमेरिका के बाजार में आसानी से भेज सकता है।

रखना होगा इंसेंटिव का ध्यान- फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के चेयरमैन अश्विनी कुमार ने बताया कि अमेरिकी बाजार में कई उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का मौका दिख रहा है, लेकिन इसमें सरकार को भी साथ देना होगा। कच्चे माल पर लगने वाले आयात शुल्क व अन्य इंसेंटिव का ध्यान रखना होगा।

***क्या पार्टी तय करेगी किस याचिका पर...***

राज्यसभा सांसद संजय राउत ने आरोप लगाया, 'उन्होंने (चंद्रचूड़) दलबदलुओं के मन से कानून का डर खत्म कर दिया। उनका नाम इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा।' संजय राउत ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के नतीजे पहले से तय थे। उन्होंने कहा कि अगर तत्कालीन सीजेआई ने शिवसेना विधायकों से जुड़ी अयोग्यता याचिकाओं पर समय पर फैसला किया होता, तो आज परिणाम अलग होते।

साल 2022 में शिवसेना में एकनाथ शिंदे की अगुवाई में सबसे बड़ी बगावत हुई और शिवसेना दो गुटों में विभाजित हो गई। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट ने एकनाथ शिंदे के साथ दलबदल करने वाले शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। शीर्ष अदालत ने अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने का जिम्मा महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर को दिया। जिसके बाद स्पीकर ने शिंदे गुट को 'असली शिवसेना' घोषित किया. स्पीकर के फैसले के खिलाफ उद्धव गुट ने फिर से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, लेकिन सुनवाई कई महीनों तक टलती गई और फैसला होने से पहले ही राज्य में विधानसभा चुनाव हो गए।

***महाराष्ट्र के सीएम पर सस्पेंस बरकरार ..***

भाजपा नेता बोले- देवेंद्र फडणवीस को जनादेश मिला है हालांकि, भाजपा के नेता प्रवीण दरेकर ने कहा कि लोगों ने देवेंद्र फडणवीस को जनादेश दिया है। एमएलसी ने कहा, महाराष्ट्र के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीछे खड़े हैं। मेरी राय में, फडणवीस को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। महाराष्ट्र को एक चतुर और विद्वान नेता की जरूरत है। उन्होंने गठबंधन को एकजुट रखा, हमारे सहयोगियों को उम्मीदवार दिए और ज़रूरत पड़ने पर पीछे भी हट गए। उन्होंने हमेशा समन्वय बनाए रखा है।

भाजपा नेता फडणवीस को बनाना चाहते हैं सीएम- सूत्रों के मुताबिक, भाजपा नेता सीएम पद के लिए फडणवीस पर जोर दे रहे हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि अगर किसी दूसरे को सीएम बनाया गया तो पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरेगा। ऐसा कहा जा रहा है कि भाजपा की वैचारिक मातृ संस्था आरएसएस, भी नागपुर दक्षिण-पश्चिम से विधायक फडणवीस के पक्ष में है। ऐसा माना जा रहा है कि आरएसएस अगले साल अपना शताब्दी समारोह मनाएगा। ऐसे में आरएसएस चाहता है कि राज्य में अगला सीएम भाजपा का हो।

***संविधान दिवस पदयात्रा:...***

0 संविधान निर्माताओं ने भगवान श्रीराम की तस्वीर के माध्यम से दिया संदेश - सीएम श्री साय ने आगे कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जहां पर मौलिक अधिकारों की बात लिखी है, वहां भगवान श्रीराम, माता सीता और भइया लक्ष्मण की तस्वीर अंकित की है। उन्होंने आगे कहा कि, यह तस्वीर तब की है जब भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौट रहे थे। हमें इस बात को समझना होगा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने इस तस्वीर के माध्यम से हमें क्या संदेश दिया है। संविधान में ऐसे ही अनेक चित्र और संकेत हैं, जिनके माध्यम से संविधान निर्माताओं ने इंगित किया है कि हमें भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ लोकतंत्र को आगे बढ़ाना है।

0 संविधान में भावी पीढ़ी के लिए दूरदर्शिता - उन्होंने

## प्रथम पेज का शेष.....

आगे कहा कि, यह भी हमारे संविधान की एक बड़ी विशेषता है कि, इसमें परिवर्तनशील समय के अनुरूप आवश्यकता पड़ने पर संशोधन का भी प्रावधान है। हमारे संविधान निर्माताओं ने देश पर अपनी इच्छाओं और विचारों को लादा नहीं, बल्कि अपनी दूरदर्शिता से भावी पीढ़ी के लिए यह गुंजाइश छोड़ी कि, वह अपने समय की परिस्थितियों, अपने समय के ज्ञान, अपने समय की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें संशोधन कर सकें।

0 दो वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान हुआ निर्माण- मंत्री टंकराम वर्मा- कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि, संविधान दिवस के इस गौरवशाली पल में हमें लोगों को संविधान प्रदत्त अधिकारों एवं हमारे मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। संविधान सभा ने दो वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान का निर्माण किया। भारत का यह संविधान पूरे विश्व के लिए आदर्श है। संविधान केवल किताब ही नही, अपितु लोकतंत्र के जीवन का दर्शन है। संविधान कर्तव्यों और अधिकारों का निर्धारण करता है। यह देश की एकता और अंखडता का सूचक है।

0 दलितों को आगे बढ़ाने का यदि कोई साधन है संविधान- वन मंत्री केदार कश्यप- वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि, भारत के संविधान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने का आह्वान किया है। दुनिया के सबसे बडे संविधान ने वनांचल की बेटी को देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने का अवसर दिया। दलितों को आगे बढ़ाने का यदि कोई साधन है तो वह है भारत का संविधान। लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए देश के सभी लोगों को संविधान में दिए गए कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना होगा। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा।

0 संविधान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया यह आयोजन- विधायक कौशिक- विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि देश की आजादी के बाद लोकतंत्र को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संविधान का निर्माण हुआ। संविधान दिवस संविधान निर्माताओं को नमन करने का दिन है। आज के दिन सभी को कर्तव्यों की जवाबदेही पर संकल्प लेना चाहिए। संविधान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है, जो सालभर चलेगा। इसके लिए 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' टैगलाइन तय की गई है।

***छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को ...***

सौहार्द बिगाड़ने वाले, शासन विरोधी तकरीर पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। कहा गया था कि धार्मिक तकरीर के अलावा मुतवल्लियों को यदि अन्य विषय पर जमात के समक्ष कोई तकरीर देनी है तो उसके लिए बोर्ड से अनुमति लेनी होगी। इस आदेश के बाद विरोध भी हुआ, लेकिन बोर्ड ने अपने निर्देश को यथावत रखा। ऐसे में इस बार जुमे की नमाज में होने वाली तकरीर के लिए प्रदेशभर की 152 मस्जिदों ने वक्फ बोर्ड को यह जानकारी देकर मंजूरी मांगी कि उनकी तकरीर में सिर्फ और सिर्फ धार्मिक बातें ही होंगी।

औचक निरीक्षण भी होगा- डॉ. सलीम राज ने बताया, मस्जिदों को राजनीति का अखाड़ा बनने से बचाने के लिए ही नियम तय किए गए हैं। अब आने वाले समय में टीमों का गठन भी किया जा रहा है। ये टीमें मस्जिदों का औचक निरीक्षण करेंगी और देखेंगी कि कहीं किसी मस्जिद में धार्मिक तकरीर की जगह किसी तरह सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली तकरीरें तो नहीं हो रही हैं। ऐसा होने पर नियमानुसार कार्रवाई भी करेंगे।

***संविधान दिवस पर पीएम मोदी का संबोधन,...***

जो बैंक के दरवाजे तक नहीं पहुंच पाते थे। पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ ऐसे भारतीयों को पक्का घर मिले हैं, जो कई कई पीढ़ियों से बेघर थे। पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ से ज्यादा ऐसी महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला है, जो वर्षों से अपने घर में गैस पहुंचने का इंतजार कर रही थीं। आज देश का बहुत ज्यादा जोर देश के नागरिकों को ईज ऑफ लिविंग पर है। एक समय था जब पेंशन पाने वाले सीनियर सिटीजन को बैंक में जाकर साबित करना होता था कि वो जीवित हैं। आज सीनियर सिटीजन को घर बैठे ही डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की सुविधा मिल रही है। इस सुविधा का लाभ करीब डेढ़ करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को मिल चुका है।

***बांग्लादेश में हिंदू संत की...***

हिंदू संत भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका चटगांव मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने खारिज कर दी। पुलिस ने दास की रिमांड का अनुरोध नहीं किया था, इसलिए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। 0 राजधानी ढाका में हिंदुओं का विरोध प्रदर्शन- बांग्लादेश की लोकल कोर्ट ने हालांकि निर्देश दिया कि चिन्मय कृष्ण दास को हिरासत के दौरान सभी धार्मिक विशेषाधिकार दिए जाएं। सोमवार को दास की गिरफ्तारी के खिलाफ हजारों की संख्या में हिंदू अल्पसंख्यकों ने राजधानी ढाका में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने देश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर भी नाराजगी जाहिर की।

0 कैसे हुई चिन्मय दास की गिरफ्तारी- इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधा रामन दास ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि चिन्मय कृष्ण दास ढाका से चटगांव जा रहे थे, तभी सादे कपड़े पहने कुछ लोगों ने उन्हें रोका और जबरन वैन में डाल दिया। दास के साथ सफर कर रहे एक भक्त के पूछताछ करने पर, इन लोगों ने दावा किया कि वह बांग्लादेश पुलिस के जासूस हैं। बता दें कि चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों के खिलाफ हिंदू विरोध का चेहरा माने जा रहे हैं। राधा रामन दास ने उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि दास ने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेशी झंडे का अपमान किया था।

# पीएमश्री स्कूल में मनाया गया दादा-दादी, नाना-नानी दिवस






खैरागढ़ (दावा)। दिनांक 26 नवम्बर 2024 को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में दादा-दादी, नाना नानी दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के मुख्य द्वार पर दादा - दादी, नाना - नानी को तिलक लगाकर उनका भावपूर्ण स्वागत किया गया।

सभी विद्यार्थियों, दादा-दादियों, नाना- नानियों ने मिलकर इस दिन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अंजय कुमार का स्वागत प्रभारी प्रधान पाठक विनोद कुमार परते द्वारा पौधा भेंटकर किया गया। तदुपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया द्य तत्पश्चात विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों द्वारा मंच संचालन कर विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों, स्वागत गीत, नाटक, एक्शन गीत आदि के माध्यम से इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के प्राचार्य अंजय कुमार ने विद्यालय की ओर से दादा-दादियों, नाना - नानियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठ सदस्यों के रूप में उनका मार्गदर्शन समाज और परिवार को प्राप्त होता है।विद्यालय में पधारे हुए ऐसे अनुभवी नागरिकों का सानिध्य इस विद्यालय के लिए गौरव का अवसर है। इस शुभ अवसर पर दादा - दादी, नाना - नानी के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया और आज के दिन को अपने पोता - पोती के खातिर विशेष बना दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अनेक दादा - दादी, नाना - नानी ने अपने विचार प्रस्तुत किए और कार्यक्रम में बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों को सराहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया।

# चिखली स्कूल में बाल मेला का आयोजन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। चिखली में बाल दिवस के मौके पर शासकीय माध्यमिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्टॉल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक और गांव के लोग मेला देखने पहुंचे। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले को लगाया गया है जिसके माध्यम से लोगों को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस बाल मेले में स्कूली बच्चों ने स्टाल लगाए, जिसमें अभिभावकों और शिक्षकों ने खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया है। बाल मेले में बच्चों के स्टॉल में चाट, गुपचुप, भजिया, पूड़ी, समोसे, फल, आदि के स्टाल लगाए गए। जिसमे पहुंचकर अभिभावकों और शिक्षकों ने खरीदारी की। स्कूल के बच्चो द्वारा शासकीय माध्यमिक स्कूल के प्रांगण में सजावट कर बाल मेला लगाया गया। इस बाल मेले में विभिन्न प्रकार की सामग्री को बेचने के स्टाल लगाए गए है जिन्हें देखकर लोग प्रभावित भी हुए हैं। बच्चों ने खुद खानपान की वस्तुओं की स्टॉल लगाने के साथ-साथ चाय आदि के भी स्टॉल लगाए हैं जिसका सभी ने आनंद लिया हैं।

# दिग्विजय महाविद्यालय में जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में समाजशास्त्र एसमाज कार्य एवं मानव विज्ञान के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण्किरण लता दामले के निर्देशन में तथा डॉ ए के मांडवी (समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष), डॉ.अंजली मोहन कोडोपी (मानव विज्ञान विभागाध्यक्ष) एवं श्रीमती ललिता साहू (समाज कार्य विभागाध्यक्ष) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला भारतीय रिजर्व बैंक की डीईए फंड योजना के अंतर्गत ''जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम'' विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री मुनीश शर्मा (एलडीएम आरबीआई), श्रीमती नजानीन अली एश्री हितेश मिश्राए पीएल खैरवार, सुश्री संतोषी बघेल एवं निमेष साहू आमंत्रित रहे। इस कार्यशाला के अंतर्गत विद्यार्थियों को बैंक से संबंधित डिजिटल भुगतानए बीमा एनिवेश के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग व्यवहार के संबंध में जानकारी दी गई। साथी विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड एवं धोखाधड़ी से कैसे बचा जाए इसके संबंध में विस्तार से समझाया गया साथ ही ग्राहकों के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा अपने शंका समाधान एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्याथी, डॉ.के मांडवी, डॉ.अंजली मोहन कोडोपी, श्रीमती ललिता साहू, डॉ प्रियंका लोहिया, श्रीमती शालिनी सोनी उपस्थित रहे।

# विधायक भोलाराम साहू ने किया आहता का भूमिपूजन



**विधायक ने किया मितानिन दीदियों को सम्मानित**

खुज्जी (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव में शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरगांव (अ.चौकी) में आहाता निर्माण कार्य के भूमिपूजन किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू के कर कमलों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर आहाता निर्माण कार्य का भूमि पूजन किए। साथ ही विधायक जी ने मितानिन दीदियों को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, श्रीमती शतरूपा चंद्रमा सरपंच ग्राम पंचायत डोंगरगांव, उदेराम साहू अध्यक्ष किसान सगठन, बेणीराम साहू महामंत्री कांग्रेस, धर्मेंद्र कोरे कांग्रेस कार्यकर्ता, ह्यूमन नागेश्वर, साधना सिंह पार्षद अ.चौकी, मुकुंद जनबंधु, राजू नसीने, लक्ष्मण सिंह, नूतन पाल चमारिन बाई, भगीरथी रावटे, धनुष जनबंधु, रेहाना बेगम, ठाकुर मेडम, दान बहादुर सिंह एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# प्रभात की चित्रकला पर टाक शो का आयोजन



भिलाई (दावा)। ललित कला अकादमी समूह में सुप्रसिद्ध चित्रकार प्रभात बरमैया की कला पर आनलाईन टाक शो का आयोजन किया गया। मूलतः सिवनी मध्यप्रदेश निवासी शिव कुमार बरमैया के पुत्र प्रभात ने खैरागढ़ विश्वविद्यालय से फाईन आर्ट में मास्टर की डिग्री हासिल की है। उनकी कला पर खैरागढ़ में इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कपिल वर्मा, प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, बी.एल.सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, मीना देवांगन कोंडागांव, वीरेन्द्र पटनायक, वीनी जोशी, पार्थ नेताम, गुंजन शर्मा, अमेरिका से कमलेश सक्सेना, साहित्यकार मेनका वर्मा और डॉ. अंकुश देवांगन ने अपने विचार प्रकट किए।

ज्ञात हो कि भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना के मद्देनजर देश-विदेश के सैकड़ो कलाकार एक विशाल फोरम पर एकत्रित हो चुके हैं। जहां समय-समय पर कलाकारों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की जाती है।

चित्रकार प्रभात बरमैया ने वाटर कलर पर अत्यंत ही प्रभावी कार्य किए हैं। तथा उनकी कला आम जन को भी ठिठक कर देखने को मजबूर कर देती है। उन्होंने टाक शो के दौरान कहा कि मनुष्य हमेशा से ही प्रकृति के चारों ओर घिरा रहा है। उनकी कला प्रकृति के प्रतीकात्मक प्रतिबिंबो को रंगों और रेखाओं द्वारा फसल फलक के रूप में प्रकट करती है। उनके चित्रों में मूर्त से अमूर्त का मिलन, खेत में लगे फसल, तालाब, नहर, डगर, मेड़ एवं गांव परिलक्षित होते हैं। चित्रकार प्रभात बरमैया ने खैरागढ़ के चित्रकला विभाग में अतिथि शिक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है। उन्हें संस्कृति विभाग, भारत सरकार द्वारा दो वर्ष का छात्रवृत्ति प्रदान किया गया है। इसके अलावा उन्हें पांच बार प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय व एक बार राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिल चुके हैं। वे 15 समूह प्रदर्शनियां तथा 8 राष्ट्रीय कार्यशाला में अपनी सहभागिता निभा चुके हैं।

# टी-20 प्रतियोगिता में भिलाई शंकरा विद्यालय फाईनल में



**7 विकेट से जीता मैच एस. तरूण साई 30 रन बनाकर मैन ऑफ दी मैच**

राजनांदगांव (दावा)। कमला कॉलेज ग्राउंड में आर.सी.ए. के तत्वाधान में टी-20 प्रतियोगिता खेली जा रही है फूल टर्फ विकेट में। पूल बी का सेमीफाईनल शंकरा विद्यालय भिलाई एवं नवजीवन स्कूल देवरी टास जीतकर नवजीवन स्कूल ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया ओपनिंग जोड़ी में दिव्यांशु तुमकरे, एवं मंडावी ठोस शुरूआत करते हुए पहला विकेट 43 रन के योग पर गिरा।

क्रमशः युग्तार्थ देवांगन 07 रन, अमित मिश्रा 10 रन, पुरी टीम 10 ओवर खेलकर 5 विकेंट खोकर 79 रन बनाये। शंकरा विद्यालय कि ओर से गेंदबाजी करते हुए सत्या 01 विकेट, गोराकेशे ताकु 02 विकेट 1 रन आऊट हुआ। लक्ष्य का पीछा करते हुए शंकरा विद्यालय भिलाई की ओपनिंग जोड़ी एस. तरूण साई एवं आदित्य कनौरिया 0 रन बनाए पहला विकेट जल्दी गिर गया। क्रमशः शिवेन्द्र तिवारी 0 रन, सोहाम सिंग 30 रन, एस. तरूण साई ने 30 रन बनाकर मैच जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका दी।

इस मैच में एस तरूण साई को मैन ऑफ दी मैच दिया गया। नवजीवन स्कूल देवरी की ओर गेंदबाजी करते हुए आदित्य साहू 01 विकेट, कृष्णम दुबे 01 विकेट 1 रन ऑट हुए। इस मैच के अम्पायर संदीप शुक्ले एवं अन्तु कराण्डे ऑनलाईन स्कोरिंग शिवेन्द इस प्रकार शंकरा विद्यालय भिलाई ने 07 विकेट से मैच जीतकर फाईनल में पहुंचे। फाईनल मुकाबला स्टेट हाई स्कूल एवं शंकरा विद्यालय भिलाई के मध्य खेला जायेगा।

एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं उपरोक्त चयन होने पर सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाए दी। आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

# गायत्री विद्यापीठ में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की शानदार प्रस्तुति



राजनांदगांव (दावा)। **शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ का राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शानदार प्रस्तुति रही।**

यह आयोजन राजनांदगांव दिग्विजय स्टेडियम में किया गया जहां विभिन्न रा'यों की प्रतिभागी टीमों ने भाग लेकर खेल का प्रदर्शन किया। शाला की योग शिक्षिका श्रीमती भारती साहू के दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया और दर्शकदीर्घा को यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन के लिए योग ध्यान से बड़ा अस्त्र और कोई नहीं हो सकता है। ज्ञात हो कि गायत्री विद्यापीठ के योग में दक्षता प्राप्त विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं और योग शिक्षिका के मार्गदर्शन में कई प्रतियोगिताएं जीत चुके हैं।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

# टमाटर की फसल में पीसीपीए के प्रभावी उपयोग पर कृषि महाविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रदर्शन




हरदी (दावा)। पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सुरगी, राजनांदगांव के चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने ग्राम धामनसरा में अनुभवी किसान हेमंत पटेल के खेत पर पैरा क्लोरोफिनो एंड यासेटिक एसीड (पीसीपीए) का उपयोग कर टमाटर की फसल में बेहतर फलधारण और फल पकने की तकनीक का प्रदर्शन किया। पीसीपीए एक रसायन है जो फलों के विकास और फल पकाने की प्रक्रिया को तेज करता है। इसका उपयोग उत्पादन बढ़ाने और फसल की गुणवत्ता सुधारने में सहायक है। प्रदर्शन में वत्सल, तारन, विनोद, तुविनकल, यामिनी, इशी, उमेश, टिकेश्वर, प्रांजल, सौरभ, रोहित, श्रुति, यामिनी साहू, तुषार और तनु ने भाग लिया। यह कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली के मार्गदर्शन में किया गया है।

# संविधान हम सभी को देश में जीने की राह को दिखाता है- गीता घासी साहू



**संविधान दिवस न्याय, समानता और भाईचारे की याद दिलाता है**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि संविधान दिवस हम सभी को देश मे जीने की राह को दिखाता है। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर के दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिस संविधान दिवस के नाम से भी जाना जाता है साल 2015 मे बाबा साहब अंबेडकर की 125 वीं जयंती थी इस अवसर पर भारत सरकार ने राष्ट्रीय संविधान दिवस को बड़े पैमाने पर मनाने का फैसला लिया था।

इस दिन का महत्व इसलिए है क्योंकि इसी दिन 1949 में भारत की संविधान सभा में भारत के संविधान को अपनाया था।इसके बाद 26 जनवरी 1950 को भारत संविधान लागू हुआ. हम हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं।संविधान नियमों और कानून का एक समूह है जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण को विनियमित करता है भारत सरकार के राजनीतिक सिद्धांत अभ्यास और शक्तियां संविधान पर आधारित है संविधान कर्तव्यों के साथ-साथ मौलिक अधिकारों मार्गदर्शक सिद्धांतों और नागरिक जिम्मेदारियां को भी परिभाषित करता है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय संविधान दिवस संविधान में लिखे मूल्यो जैसे न्याय, समानता और भाईचारे की याद दिलाता है यह नागरिकों में उनके अधिकारों और जिम्मेदारियां के बारे में जागरूकता बढ़ाता है उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है देशभर के स्कूल और संस्थान इस महत्वपूर्ण दिन को मनाने के लिए प्रश्नोत्तरी चर्चा और निबंध प्रतियोगिता जैसी अनेक अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन करते हैं।

# विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के विज्ञान संकाय द्वारा बी.एस.सी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को सत्र 2024-25 की शैक्षणिक भ्रमण गतिविधि अंतर्गत 23 नवम्बर शनिवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशानुसार शैक्षणिक भ्रमण हेतु धमतरी एवं बालोद जिले के गंगरैल, सियादेवी, झलमला, तांदुला डेम भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को वनस्पति से संबंधित विभिन्न फुलो के पौधें जैसे नीला चित्रक, टर्कोमेरिया, फ्रेगीपानी तथा अनावृत्तबीजी पौधे जैसे इफेड्रा, पौधों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही गंगरैल एवं सियादेवी मंदिर के प्राकृतिक, भौगोलिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण से कुल 72 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस भ्रमण में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष श्रीमती सोनाली लोया, सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा, प्रभात बैस, देवश्री देवांगन, राजेश्वरी ठाकुर उपस्थित रहे।

# जीवित डिजिटल प्रमाण पत्र हेतु आज शिविर

राजनांदगांव (दावा)। ई.पी.एस.95 पेंशनर को साल में एक बार जीवित डिजिटल प्रमाण पत्र देने के लिए शिविर 27 नवम्बर, दिन बुधवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन, लेबर कॉलोनी, तुलसीपुर, राजनांदगांव में आयोजित किया गया है।

इसी कार्यक्रम में समस्त पेंशनरो की गरिमामय उपस्थिति में ई.पी.एफ.ओ. पेंशन कार्यालय के कर्मठ, लोकप्रिय एवं सहज उपलब्ध अधिकारी सुरेश ठाकुर, जिनका प्रमोशन सहायक आयुक्त (भविष्य निधि) रायपुर हुआ है, का सम्मान किया जायेगा।

आयोजन समिति द्वारा उक्त आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थित प्रदान करने हेतु जिले के पेंशनर बंधुओं से अपील की गई है। यह जानकारी मोहम्मद फारूक सचिव ई.पी.एस. 95 पेंशनर राष्ट्रीय संघर्ष समिति/ एन.ए. सी., जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। सधन्यवाद प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन हेतु प्रेषित, मोहम्मद फारुख, सचिव, EPS-95 पेन्शनर, राष्ट्रीय संघर्ष समिति/ एन.ए. सी., जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़।

# तेली साहू समाज का कवि सम्मेलन, नौमाही बैठक एवं दिवाली मिलन समारोह संपन्न



गंडई पंडरिया (दावा)। तेली साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ एवं ब्लाक इकाई ठाकुरटोला गडई के ग्राम अचानकपुर में आयोजित हुआ, सबसे पहले संत कर्मा जी के तेल चित्र पुष्पार्पित कर नमन किया गया।

तत्पश्चात दिवंगत हुए आदरणीय वरिष्ठजनों को श्रद्धांजलि दिया गया। बच्चों के द्वारा जागरूकता रंगोली बनाया गया जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे रंगोली बनाया गया तथा ब्लाक अध्यक्ष संतन साहू द्वारा युवाओं, महिलाओं एवं समाजिक विकास पर चर्चा किया गया। ब्लाक सचिव संतोष साहू द्वारा युवा प्रकोष्ठ के कार्यों की सराहना किया गया व केंद्रीय पदाधिकारी हरि साहू ने युवाओं, महिलाओं का हौसला अफजाई किए तत्पश्चात कवि सम्मेलन रखा गया, जिसमें कवियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, हास्य, मार्मिक, किसानों की पीड़ा, बेरोजगारों की पीड़ा, बेटी बचाओ, नशा मुक्ति पर कविताएं पढ़े लोगो ने तालियों से इनका हौसला बढ़ाया। समाज द्वारा इन कवियों को शील्ड, प्रमाण पत्र एवं नारियल प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर साहू समाज के कवि बिहारी साहू, मनोज साहू को कविता के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुज साहू, सचिव मनोज साहू, कोषाध्यक्ष कन्हैया एवं अन्य साथियों के सामाजिक कार्य की गतिशीलता को सराहा। इस अवसर पर केंद्रीय पदाधिकारी हरि साहू, प्रेमलाल साहू, गयाराम साहू, बंदू साहू एवं ब्लाक के दिनेश साहू, गौतरिहा साहू, ललित साहू, धनीराम साहू, सुखनंदन साहू, टाकेंद्र साहू, तेजराम साहू, प्रदीप साहू, परसू साहू, आशिक साहू एवं अन्य साथीगण, महिला, बच्चों के उपस्थित में यह कार्यक्रम बेहतर तरीके से आयोजित हुआ।

# 54 राजनैतिक आंदोलनों के प्रकरण वापस लेगी सरकार : कैबिनेट ने पीडीएस में चना वितरण को दी मंजूरी, 5-8 वीं की परीक्षा होगी सेंट्रलाइज्ड

रायपुर। छत्तीसगढ़ कैबिनेट की बैठक मंगलवार को सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मंत्रालय भवन में हुई। बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने 54 राजनैतिक आंदोलनों के प्रकरण वापस लेने का निर्णय लिया है। वहीं पीडीएस में चना वितरण योजना को मंजूरी दी गई है। पांचवीं और आठवीं की परीक्षा सेंट्रलाइज्ड तौर पर कराए जाने पर सहमति बनी है। वहीं हरित ऊर्जा विकास शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य में जल विद्युत और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा।

### कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

0 मंत्रिपरिषद द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वितरण हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को आवश्यक चना उपार्जन, NeML ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाने की अनुमति दी गई।

0 मंत्रिपरिषद ने विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को जनहित में न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उप समिति द्वारा अनुशंसित 54 प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिए जाने हेतु आगामी कार्यवाही किए जाने का अनुमोदन किया।



0 खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य में मक्का फसल तथा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत दलहन-तिलहन और रबी विपणन मौसम 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु नेफेड एवं एनसीसीएफ को प्रोक्योरमेंट एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

0 छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्म के बीजों की उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित करने के लिए मंत्रिपरिषद ने आज महत्वपूर्ण फैसला लिया। इसके तहत भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी से आवश्यकतानुसार सीधे बीज क्रय किया जा सकेगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम 2002 के नियम 4 में छूट देने का निर्णय लिया गया।

0 मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पम्प स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2023 में परियोजना विकासकर्ता को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की तिथि से प्रथम पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष 01 लाख रूपए प्रति मेगावाट की दर से लिए जाने वाले हरित ऊर्जा विकास शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। हरित ऊर्जा शुल्क में प्रत्येक पांच साल के बाद 25 प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रावधान था, इसे भी समाप्त कर दिया गया है। इससे राज्य में जल विद्युत परियोजनाओं एवं ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

0 मंत्रिपरिषद ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाओं को केन्द्रीकृत किये जाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया है।

0 मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) से आवास, नगरीय विकास एवं अन्य क्षेत्रों में सहायता प्राप्त करने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य को हुडको द्वारा आगामी 5 वर्षों में एक लाख करोड़ रूपए तक की वित्तीय सहायता, परामर्श, क्षमता विकास सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया है।

0 मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अब तक तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने पर राज्य शासन द्वारा लागू व्यपवर्तन शुल्क प्रीमियम, अर्थदण्ड एवं भू-राजस्व के पुनः निर्धारण से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इससे हाउसिंग बोर्ड के मकान क्रेताओं को लाभ होगा।

0 मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा फ्री-होल्ड किए गए आवासीय भूखण्डों के लिए व्यपवर्तन शुल्क एवं अर्थदण्ड से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा में लगी हाईकोर्ट की रोक

राजनांदगांव (दावा)। पेंड्री स्थित आठवीं बटालियन में चल रही आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में रोक लग गई है। आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा में बिलासपुर उच्च न्यायालय द्वारा स्टे लगा दिया गया है। इससे आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने आए युवाओं में निराशा देखी जा रही है। बता दें कि आरक्षक बनने के लिए 65 हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया था। भर्ती परीक्षा रद्द होने से उनके आरक्षक बनने की आशाओं पर तुषारा पात हो गया।




**○ आरक्षक बनने 65 हजार से अधिक युवाओं ने दिया था आवेदन**
**○ आठवीं बटालियन - पेंड्री में आरक्षक भर्ती की शुरु थी प्रक्रिया**

बताते चलें कि उक्त भर्ती परीक्षा के लिए राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला मानपुर चौकी व खैरागढ़ छुईखदान गंडई व पीटीएस के रिक्त पदों हेतु तकरीबन 65 हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया था। शहर के आठवीं बटालियन में आयोजित उक्त भर्ती परीक्षा के लिए सुबह छह बजे से युवाओं की भीड़ जुट रही थी। यहां एडमिट कार्ड दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश दिया जा रहा था। इससे यहां गहमागहमी बनी हुई थी। अब इस भर्ती परीक्षा में रोक लगने से युवाओं में मायुसी देखी जा रही है।

शहर के पेंड्री स्थित आठवीं बटालियन में आयोजित उक्त आरक्षक भर्ती परीक्षा के संदर्भ में आरक्षण संवर्ग भर्ती समिति के अध्यक्ष व जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जानकारी दी गई है कि बिलासपुर उच्च न्यायालय द्वारा इस पर स्टे लगाए जाने से उक्त भर्ती प्रक्रिया आगामी आदेश तक स्थगित की जाती है। भर्ती प्रक्रिया फिर से प्रारंभ होने पर उसकी तिथि की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

# राशन दुकान के नाम पर बड़ा खेल, बिना कार्डधारी के निकल रहे चांवल

राजनांदगांव (दावा)। सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंदों के लिए संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में बड़ी धांधली का मामला सामने आया है। राशन दुकानों से बिना कार्डधारियों के नाम पर चावल निकाले जा रहे हैं। यह खुलासा तब हुआ जब कुछ स्थानीय निवासियों ने संबंधित अधिकारियों को इस गड़बड़ी की जानकारी दी।

**जिस नॉमिनी के नाम से चांवल निकल गया उसका कार्डधारी कोई रिश्ता नहीं है**



### कैसे हो रही है धांधली

जांच में पाया गया कि राशन दुकानदार गरीबों के राशन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। जिन लाभार्थियों के नाम पर चावल निकाले जा रहे हैं, उन्हें इसकी जानकारी तक नहीं है। कई बार तो मृत व्यक्तियों के नाम पर भी चांवल निकाले गए और राशन कार्ड में दो सदस्यों के नाम के अलावा किसी थर्ड व्यक्ति को नॉमिनी बनाकर चांवल निकालने का मामला राजनांदगांव कैलाश वार्ड में सामने आया है। जिससे साबित होता है कि राशन दुकान संचालक द्वारा ऐसी गड़बड़ी लगातार की जा रही है। ऑनलाइन चेक करने पर भी नॉमिनी परिवार के बाहर का सदस्य पाया गया।

### प्रभावित हो रहे हैं असली लाभार्थी

ऐसी धांधली के कारण असली लाभार्थियों को उनके हक का राशन नहीं मिल पा रहा है। कई गरीब परिवार महीने के अंत में भूखे रहने को मजबूर हो रहे हैं।

### क्या कह रहे हैं अधिकारी?

जिला खाद्य अधिकारी ने इस मामले में जांच शुरू करने की बात कही है। उन्होंने कहा, जांच कर राशन दुकान संचालक पर कार्यवाही की जाएगी।

### नागरिकों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि गरीबों को उनका अधिकार मिल सके।

# नागरिक कर्तव्यों के प्रति सचेत रहे- सचिन बघेल

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा कार्यालय में आज 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर दोपहर 01 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी को संबोधित करते हुये समारोह के मुख्य अतिथि व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है, संविधान के अनुसार ही देश संचालित होता है और प्रगति पथ पर अग्रसर भी हो रहा है।



संविधान दिवस पर गोष्ठी

अक्सर यह देखने को आता है कि लोग संविधान में प्रदत्त अधिकारों के प्रति तो जागरूक रहते है किन्तु जब नागरिक कर्तव्य की बात आती है तो उदासीन हो जाते है। हमें इस बात का ख्याल रखना चाहिये कि जैसे हम अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते है वैसे ही नागरिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहे तो देश को दुनिया का महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री बघेल ने आगे कहा कि संविधान के अनुसार ही देश कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहा है, किन्तु कुछ लोग संविधान का खतरा बताकर अपने निहित राजनैतिक स्वार्थो की पूर्ति में लगे है। ये तत्व इस खतरे का हौव्वा खड़ा करके देश के विकास में बाधक बने हुये है। श्री बघेल ने बिना नाम लिये कहा कि विपक्षी पार्टी का एक बड़ा नेता जो शायद संविधान पढ़ा भी नहीं है वह संविधान की किताब लिये घूम रहा है, ऐसे लोगों से आज के इस मौके पर सतर्क रहने की जरूरत है। संविधान के प्रति जागरूकता प्रधानमंत्री श्री मोदी की देन है, वे सन् 2015 से संविधान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, देश के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आम्बेडकर दूरदर्शी व्यक्ति थे और इसलिये हमारा संविधान सर्वकालिक रूप में देश के सामने है। प्रारंभ में बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई फिर जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रविन्द्र रामटेके ने स्वागत भाषण पढ़ा। गोष्ठी को जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने किया तथा आभार प्रदर्शन सावन वर्मा ने किया। इस अवसर पर 26/11 को मुंबई में हुये हमले में शहीद हुये लोगों को याद किया गया।

इस दौरान प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, सुरेन्दर सिंह बन्नोआना, शिव वर्मा, किशुन यदु, तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, रोहित चन्द्राकर, रघुवीर वाधवा, मूलचंद लोधी, मुकेश बघेल, सुमीत भाटिया, गिन्नी चावला, गोलू सूर्यवंशी, मनोज साहू, हर्ष रामटेके, आकाश चोपड़ा, त्रिगुण टॉक, संदीप भट्टाचार्य, मिथलेश्वरी वैष्णव, मधु बैद, पुष्पा गायकवाड़, शैंकी बग्गा, अनिता इन्दुलकर, दीपेश शेण्डे, संकेत रामटेके, ललित रामटेके, रानू मेश्राम, जनक लाउत्रे, संतोष मेश्राम, प्रवेश मेश्राम, अनिल तुरकने, महेश महोबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# धान खरीदी : कांग्रेस की निगरानी समितियों का गठन शीघ्र - भागवत साहू

**सोसाइटियों में किसानों की समस्याओं को हल करने और भ्रष्टाचार रोकने पार्टी सजग**



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस के संगठन एवं प्रशासनिक विभाग के प्रभारी मंत्री मलकीत सिंह गैदु ने प्रदेश के समस्त जिलों के कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर सोसाइटियों में निगरानी के लिए समिति गठित करने का आह्वान किया है। निगरानी समितियां गठित कर सोसाइटियों में भ्रष्टाचार रोकने और किसानों की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में ऐसा किया जाना विपक्ष का धर्म भी है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि हाई कमान के निर्देशानुसार इस जिले के समस्त सहकारी समितियां में धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी तथा भ्रष्टाचार रोकने के लिए समितियां जल्द गठित की जाएगी। यह निगरानी समितियां उपार्जन केंद्रवार और समिति बार गठित की जाएगी। गठन के उपरांत इस आशय की सूचना पार्टी वाला कमान को दी जाएगी।

श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र/समितियों के माध्यम से धान खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ हो चुका है। धान विक्रय के दौरान किसान भाईयों खरीदी केन्द्र/समिति में किसी भी प्रकार की समस्या व प्रशासनिक व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने किसान भाईयों के हित में समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री व्यवस्था की सतत् निगरानी हेतु खरीदी केन्द्रवार निगरानी समिति का गठन किये जाने का निर्देश दिये हैं। धान खरीदी केन्द्र अंतर्गत आश्रित गांवों के कांग्रेसजन/किसानों एवं किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं को समाहित कर निगरानी समिति का गठन करें और समिति को निर्देशित करें कि वे, खरीदी केन्द्र/समिति में भ्रष्टाचार/ धांधली तथा किसान भाईयों को धान बेचने में गंभीर समस्या/अव्यवस्था से जुझना पड़ रहा हो तो तत्काल दुरूस्त किये जाने हेतु संबंधित प्रशासनिक अधिकारी से सम्पर्क करें और संबंधित जिला/ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को भी अवगत करावें।

# संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया सामूहिक पठन

**राजनांदगांव (दावा)। संविधान दिवस 26 नवम्बर को कलेक्टोरेट में भारतीय संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया।**



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में आज 26 नवम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया।

इस अवसर पर सभी ने भारतीय संविधान की उद्देशिका हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित करते हैं' का पठन किया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# शादी से लौट रहा वाहन हुआ दुर्घटना ग्रस्त

**हादसे में छह लोग हुए घायल, उपचार के लिए लाया गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल**



राजनांदगांव (दावा)। जिले के कोरगुड़ा मार्ग पर शादी कार्यक्रम से लौट रही। एक तेज रफ्तार वाहन पलटकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस घटना में छह लोगों को जबरदस्त चोंटें आई है। जिन्हें उपचार के लिए पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल लाया गया।

बताया जा रहा है कि कोरगुड़ा के पास अनियंत्रित होकर मैक्सी वाहन समीप के एक खेत में जा घुसी। जिसमें बैठे सवारियों में से छह लोगो को जबरदस्त चोंट आई हुई हैं। बताया जाता है कि शादी कार्यक्रम से लौट रही उक्त मैक्सी वाहन का ड्राइवर शराब पीए हुए था और अंधाधुंध रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। कोरगुड़ा के पास पहुंचते ही शराबी ड्राइवर ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार मैक्सी समीप के खेत में जा घुसी। हादसा होने के बाद घटना की जानकारी होते ही घायलों को उपचार के लिए राजनांदगांव लाया गया।

**आवश्यकता है**
दैनिक अखबार में काम करने हेतु (रात्रिकालीन) हेल्पर की
मिलने का समय दोप. 12 से शाम 6 बजे तक
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

**प्लॉट बेचना है**
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :-
62641-56342

# बजरंगपुर नवागांव के मिनी स्टेडियम में हो रही वन रक्षकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा, मेले जैसा बना माहौल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. एक में इन दिनों वनरक्षक भर्ती के लिए किस्मत आजमाने आए युवाओं की खासी भीड़ उमड़ी हुई है। वार्ड स्थित उक्त मिनी स्टेडियम में वनरक्षक बनने के लिए पहुंचे 42666 युवा पूरे जोश-खरोश के साथ अपनी शारीरिक दक्षता की परीक्षा दे रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी शामिल है।

वनरक्षकों के 107 पदों के लिए शारीरिक दक्षता की परीक्षा देने आए बड़ी संख्या में युवाओं से यहां मेले जैसा माहौल बना हुआ है। बजरंगपुर नवागांव वार्ड नंबर एक और दो के बीच बने उक्त मिनी स्टेडियम में वनरक्षक भर्ती के लिए वन विभाग का कब्जा होने से वार्ड नंबर एक के बड़ी संख्या में युवकों का प्रेक्टिस होना बंद हो गया है इससे प्रशासन के प्रति उनमें नाराजगी देखी जा रही है। बताया जाता है कि वनरक्षक भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से शारीरिक दक्षता परीक्षा लेने के संबंध में वार्डवासियों से पूछा तक नहीं गया है और उसे वनविभाग द्वारा कब्जा करवा कर युवाओं के प्रेक्टिस को रोक दिया गया है। बताया जाता है कि रोजाना सुबह और शाम के समय वार्ड के युवाओं द्वारा वहां प्रैक्टिस किया जाता है। इस प्रैक्टिस के बदौलत वार्ड के युवा सैनिक भर्ती, अग्नि वीर भर्ती, रेल्वे व अन्य शासकीय विभागों की भर्ती में चयनित हुए हैं। इस पर अचानक रोक लग जाने से युवा आक्रोशित हैं। वार्ड पार्षद राजा तिवारी भी वार्ड के युवाओं के खेल, कसरत-व्यायाम आदि सहित अन्य गतिविधियों के लिए बनाए उक्त स्टेडियम में वनविभाग द्वारा कब्जा कर लिए जाने को उचित नहीं ठहरा रहा।

### वनरक्षक बनने 42666 युवा कतार में

बता दें कि राजनांदगांव-खैरागढ़ में वनरक्षक बनने 42666 युवा कतार में हैं। जिनमें महिलाएं भी किस्मत आजमा रही है और पूरे उत्साह के साथ अपने शारीरिक दक्षता की परीक्षा दे रही है। जिससे उनमें खासा उल्लास देखा जा रहा है। बताते चलें कि

**○ स्टेडियम में वन विभाग के कब्जे से वार्ड के युवा नाखुश**
**○ वनरक्षक भर्ती के 107 पदों के लिए 42666 युवा आजमा रहे किस्मत, महिला अभ्यर्थी भी ले रहे भाग**

सोमवार 24 नवंबर से मिनी स्टेडियम में शुरू हुई वनरक्षक शारीरिक दक्षता परीक्षा चार दिन महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इसलिए सोमवार की सुबह पांच बजे से ही महिला अभ्यर्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था जिन्हें शारीरिक दक्षता प्रमाण-पत्र दिखाने के बाद स्टेडियम में प्रवेश दिया गया। इलेक्ट्रॉनिक मशीन से उनकी ऊंचाई मापी जाने के बाद उनसे 500 मीटर, तत्पश्चात 200 मीटर की दौड़ कराया गया। इसके बाद गोला फेंक में स्पर्धा भी आयोजित रही जिसमें हर दिन 2500 अभ्यर्थी भाग ले रहे है। अभी दो- तीन दिन तक इतने ही अभ्यर्थी दक्षता परीक्षा में शामिल होंगे।

### चार पाली में ली जा रही परीक्षा

मिनी स्टेडियम में आयोजित वन रक्षक भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा चार पालियों में लिया जा रहा है। पहली पाली सुबह छह बजे से आठ बजे तक दूसरा 8 से 10 तीसरा 10 से 12 और चौथी दक्षता परीक्षा 12 से दोपहर 2 बजे तक है। जैसा कि बताया गया है कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही चार दिनों तक महिला अभ्यर्थियों से शारीरिक दक्षता परीक्षा लिया गया। 14 दिसंबर तक चलने वाली इस भर्ती प्रक्रिया में 28 नवंबर के बाद पुरुष अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी। वनरक्षक परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी बनाने वीडियो और फोटोग्राफी कराई जा रही है।

शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का रन टाइम काउंट करने सबसे पहले उनके पैरों में चीफ लगाकर बेल्ट लगाया जा रहा है। वहीं उंचाई नापने, मेजरमेंट मशीनों से जांच की जा रही है।

### कठिन परीक्षा से गुजर रहे अभ्यर्थी

वनरक्षक भर्ती के लिए किस्मत आजमा रहे बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को 500 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद सहित गोला फेक जैसे कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ रहा है। वहीं साथ में यह भी देखने में आ रहा है कि महिला अभ्यर्थियों के साथ उनके पति, बेटे-बेटी भी आए हुए हैं जिन्हें दक्षता परीक्षा मैदान के बाहर इंतजार करना पड़ रहा है। शारीरिक दक्षता परीक्षा दिलाने के बाद जब अभ्यर्थी बाहर निकलने लगे तो उनके चेहरे पर संतोष और उल्लास के भाव दिखे। इससे महिला अभ्यर्थियों के परिजन भी उत्साहित नजर आए। बहरहाल बजरंगपुर नवागांव के मिनी स्टेडियम में 14 दिसंबर तक चलने वाले वनरक्षक भर्ती के शारीरिक दक्षता परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की उपस्थिति से मेले जैसा माहौल बना रहेगा। इधर वनरक्षक भर्ती के लिए लगभग 20 दिनों तक आरक्षित रहने वाले उक्त मिनी स्टेडियम को लेकर वार्ड के युवाओं में नाराजगी का आलम है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com